Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 08 | बुधवार, 08 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली में चुनावी दंगल का आगाज

# 5 फरवरी को होगी वोटिंग, 8 को आएंगे नतीजे, आचार संहिता लागू

**नई दिल्ली।**

दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है और नए सदन के गठन के लिए उससे पहले चुनाव होने हैं। दिल्ली में पारंपरिक रूप से एक ही चरण में विधानसभा चुनाव होते रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आज चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली में एक चरण में वोट डाले जाएंगे। दिल्ली में वोट डालने की तारीख 5 फरवरी होगी जबकि नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। इसके साथ ही दिल्ली में



आचार संहिता लागू हो गई है। दिल्ली में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच है। हालांकि कांग्रेस भी पूरी ताकत के साथ इस चुनाव में उतरने जा रही है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है और नए सदन के गठन के लिए उससे पहले चुनाव होने हैं। दिल्ली में पारंपरिक रूप से एक ही चरण में विधानसभा चुनाव होते रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रही सत्तारूढ़ आप की नजर हैट्रिक पर होगी। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने 2015 और 2020 के चुनावों में क्रमशः 67 और 62 सीटों के साथ जीत हासिल की। पिछले दो चुनावों में केवल एक अंक तक सिमट गई भाजपा 26 साल के अंतराल के बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है। कभी 15 साल तक दिल्ली पर शासन करने वाली कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अअढ के साथ गठबंधन करने के बाद अकेले चुनाव लड़ेगी।

> 2025 के पहले चुनाव को तीनों पार्टियों के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले साल, केजरीवाल ने शराब नीति मामले में जमानत के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि जब दिल्ली के लोग उन पर भरोसा जताएंगे तो वह दोबारा मुख्यमंत्री बनेंगे। इस बार, पार्टी सत्ता विरोधी लहर और अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देने के लिए महिलाओं और बुजुर्गों को लक्ष्य करते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा कर रही है।

## नितिन गडकरी ने की बड़ी घोषणा

# सड़क हादसे में घायल को मिलेगा 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज



**नई दिल्ली।**

सड़क दुर्घटना में घायलों को देशभर में मार्च तक कैशलेस इलाज मिलने लगेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि किसी भी प्रकार की सड़क पर वाहनों के कारण हादसा होने पर घायलों को सात दिन तक प्रति दुर्घटना, प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। योजना को लागू करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगले संसद सत्र में मोटर वाहन संशोधन कानून पेश किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च, 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 'कैशलेस' उपचार प्रदान करने के लिए पायलट योजना शुरू की थी। योजना को बाद में छह राज्यों में लागू किया गया। अब मार्च से इसे पूरे देश में लागू करने की तैयारी है। गडकरी ने बताया कि 42वीं परिवहन विकास परिषद की बैठक में सड़क सुरक्षा प्राथमिकता में रही। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि वाहन बनाने वाली कंपनियां जो भी भारी वाहन यानी बस और ट्रक बनाएंगी, उसमें तीन सुरक्षा तकनीकें अनिवार्य से रूप से होंगी। माना जा रहा है कि यह तकनीकें ट्रक और बसों को ट्रेनों के 'कवच' सुरक्षा प्रणाली जैसी सुरक्षा दे सकती हैं।

## 95 की मौत, 100 से ज्यादा घायल, तिब्बत में भूकंप ने मचाई तबाही

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय टेलीविजन प्रसारक सीसीटीवी ने बताया कि तिब्बती पक्ष में कम से कम 95 लोग मारे गए। भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर और कई उत्तर भारतीय इलाकों समेत बिहार के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। नेपाल में 7.1 तीव्रता के भूकंप से दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में झटके महसूस किए गए। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप सुबह 6.35 बजे नेपाल-तिब्बत सीमा के पास लोबुचे



से 93 किमी उत्तर पूर्व में आया। तिब्बत के ज़िगाज शहर के पास हिमालय की उत्तरी तलहटी में 6.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण कम से कम 95 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हो गए, जिससे नेपाल, भूटान और भारत सहित पड़ोसी देशों में इमारतें हिल गईं।

## धार्मिक स्थानों में वीआईपी संस्कृति की उपराष्ट्रपति ने की आलोचना बोले- यह देवत्व के खिलाफ, इसे खत्म किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें धार्मिक संस्थानों में समानता के विचार को फिर से स्थापित करना चाहिए।

जब प्राथमिकता दी जाती है, जब किसी को प्राथमिकता दी जाती है, जब हम इसे वीवीआईपी या वीआईपी के रूप में लेबल करते हैं, तो यह समानता की अवधारणा को कमजोर करता है। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने श्री मंजुनाथ स्वामी में पूजा करने वाले भक्तों के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए श्री सानिध्य परिसर का उद्घाटन करने के लिए मंगलवार को कर्नाटक में




श्री क्षेत्र धर्मस्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक स्थानों पर वीआईपी संस्कृति की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में हाल के वर्षों में एक सुखद बदलाव बुनियादी ढाँचे का विकास रहा है जो हमारे धार्मिक स्थानों के लिए महत्वपूर्ण है। इसकी सराहना की जानी चाहिए क्योंकि ये हमारे सभ्यतागत मूल्यों के भी केंद्र हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें धार्मिक संस्थानों में समानता के विचार को फिर से स्थापित करना चाहिए। जब प्राथमिकता दी जाती है, जब किसी को प्राथमिकता दी जाती है, जब हम इसे वीवीआईपी या वीआईपी के रूप में लेबल करते हैं, तो यह समानता की अवधारणा को कमजोर करता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वीआईपी संस्कृति एक विपथन है, समानता के आधार पर देखा जाए तो यह एक घुसपैठ है। इसका समाज में तो क्या धार्मिक स्थलों में भी कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि सर्वकालिक महान व्यक्ति के नेतृत्व में यह धर्मस्थल समतावाद का उदाहरण बनेगा और हमें सर्वकालिक वीआईपी संस्कृति से दूर रहना होगा।

- यह दर्शन के इच्छुक भक्तों के लिए मौजूदा कतार प्रणाली का एक उन्नत प्रतिस्थापन है।
- उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें धार्मिक संस्थानों में समानता के विचार को फिर से स्थापित करना चाहिए।
- इस दौरान उन्होंने धार्मिक स्थानों पर वीआईपी संस्कृति की आलोचना की।

## भोपाल बनेगा साहित्य नगरी, महापौर ने भेजा प्रस्ताव

**भोपाल।** यूनेस्को द्वारा ग्वालियर को सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित करने के बाद अब भोपाल को साहित्य नगरी घोषित कराने की पहल शुरू की जा रही है। इसके लिए मध्य प्रदेश के संस्कृति और पर्यटन विभाग मंथन करके डोजियर तैयार किया है। प्रस्ताव पर मजबूत तर्क रखने और आगामी तैयारी के लिए मंगलवार को मुल्ला रमुजी संस्कृति भवन,बाणगंगा में हितधारक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के संस्कृति और पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, संस्कृति और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला,संबंधित विभागों के अधिकारी, लेखक, साहित्यकार और ग्रंथालयों के प्रमुख मौजूद रहे।

# ग्रेनो प्राधिकरण के छपरौला में सहारा और समतल (द्वारका सिटी) में नहीं थम रहा अवैध निर्माण

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी जी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के विकसित प्रदेश के सपने को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

मुख्यमंत्री जी ने भी सीईओ साहब को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र आयुक्त से सम्मानित किया है। वहीं दूसरी तरफ प्राधिकरण वर्क सर्किल 1 में तैनात कुछ अधिनस्थ अधिकारी प्राधिकरण के ही आला अधिकारियों की आंख में धूल झोंकने में तनिक भी संकोच नहीं कर रहे है। सहारा सिटी और समतल में निरंतर चल रहे अवैध निर्माण को पूर्ण रूप से रोकने के लिए प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने निर्देश दिए थे जिसका कड़ाई से पालन कराने के लिए एसीईओ लक्ष्मी वीएस और एसीईओ सुनील कुमार ने वर्क सर्किल 1 के प्रभारी रातिक और सहायक प्रबंधक नितेश को निर्देशित किया था जिस पर थाना बादलपुर पुलिस और अवैध निर्माण से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित पुलिस चौकी से पुलिस लगभग प्रतिदिन प्राधिकरण के कर्मचारियों के साथ जाकर काम रुकवाती














है। दबंग बिल्डरों में तनिक भी इसका भय नहीं है और हो भी तो क्यों हो। सूत्र बताते है प्रत्येक यूनिट बिल्डर काला धन एकत्र कर अवैध परमिशन लेने की जुगाड में है। तभी तो ऐसे दबंग अवैध बिल्डरों को विरुद्ध अभी तक प्राधिकरण की तरफ से कोई भी लीगल एक्शन नहीं लिया है। और यह सब हम ऐसे ही नहीं कह रहे है। आप सब तस्वीरों में साफ साफ देख सकते है कृषि भूमि पर बिना स्वीकृत ले आउट नक्शे पर किस तरह तेजी से अवैध निर्माण पनप चुका है जिस में भोले भाले लोग अपनी जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई लगाकर इन अवैध आवासीय फ्लैटों और दुकानों की रजिस्ट्री कराकर फंस चुके है। इन अवैध निर्माण पर बैंक लोन और बिजली विभाग कनेक्शन भी दे रहा है। और सबसे बड़ा सवाल 100 गज से लेकर 300, 500 गज तक की रजिस्ट्री भी धड़ल्ले से होती है तो इतनी सी भूमि में कौन सी फसल उग रही है जो धड़ल्ले से कृषि भूमि के नाम पर रजिस्ट्री हो रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी के निर्देशन पर एसीईओ प्रेरणा सिंह ने प्राधिकरण के वर्क सर्किल 3 प्रभारी को निर्देशित कर बिशरख के डूब, क्षेत्र के 50 हजार वर्ग मीटर पर चल रहे अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवाकर मुख्यमंत्री जी मंशा को स्पष्ट कर दिया है कि अवैध निर्माण की यहां पर कोई जगह नहीं, वर्क सर्किल 1 के अधिसूचित क्षेत्र के तमाम क्षेत्र के साथ साथ सहारा सिटी और समतल के अनधिकृत हिस्से पर कब होगी प्रभावी कार्यवाही, मात्र केवल दिखावे की नहीं।

- वेलकम इंडिया अखबार पूर्व में भी खबरों को प्रकाशित कर प्राधिकरण के तमाम अधिकारियों को सूचित कर चुका है और आगे भी करता रहेगा।
- छपरौला के सहारा सिटी, और समतल (द्वारका सिटी) में अवैध निर्माण को रोकने हेतु सूत्र बताते है प्राधिकरण से एक पत्रांक दिनांक 22/10/2024, अभियंत्रण / वर्क सर्किल 1/2024 जिसमें बहुत सारे खसरा संख्या को लेखपत्र निष्पादन एवं नामांतरण नहीं होने को लेकर एक पत्र बना था जिस पर किसी भी प्रकार की प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई।
- हैरत की बात सहारा सिटी से 50 से 100 मीटर की दूरियों पर है थाना बादलपुर की छपरौला पुलिस चौकी नहीं रुकवा पा रही अवैध निर्माण या बात कुछ ...और
- सब कुछ है सेट, कार्यवाही हुई भी तो डरने की नहीं है बात, गांव इंटेडा की तरह बचेंगे साफ : सूत्र
- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल 1 के कई क्षेत्रों में पैर पसार चुका है अवैध निर्माण
- ग्रेनो प्राधिकरण के वर्क सर्किल 1 के वरिष्ठ अधिकारियों की आंख में धूल झोंक रहे अधिनस्थ कर्मचारी
- प्राधिकरण के आला अधिकारी स्वयं जांच कर देख सकते है अवैध निर्माण के सूरते हाल।
- एनजीटी के पर्यावरणीय मानदंडों का हो रहा उल्लंघन, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अनाधिकृत और अवैध निर्माण की बहार
- पैराडाइस होम्स, फ्रेंड्स एनक्लेव, हाईवे मेंशन, शिवाय वैली तथा समतल रेसीडेंसी के साथ अन्य अवैध निर्माणकर्ता लाखों वर्ग मीटर कृषि भूमि पर कर रहे चुके है फ्लैटों और अवैध दुकानों का निर्माण
- अवैध बिल्डरों को नोटिस देने के बजाय, अवैध निर्माण में फंसे निवासियों को ही क्यूं नोटिस की कार्यवाही : सूत्र
- एसीईओ प्रेरणा सिंह के निर्देशन में वर्क सर्किल 3 बिशरख डूब क्षेत्र पर हुआ बुलडोजर एक्शन, एसीईओ लक्ष्मी वीएस वर्क सर्किल 1 के अवैध निर्माण पर ले सकती है कड़ा एक्शन
- सीईओ और एसीईओ को दिखाया जाता है पुलिस के साथ की जा रही है कार्यवाही, जीपीएस मैप फोटो में दिख रहा अवैध निर्माण किसकी सह पर रहा पनप

## संपादक की कलम से

### नये वायरस की दस्तक

पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर चीन में नया वायरस फैलने की आधी–अधूरी खबरें मिल रही थीं ,सोमवार तक उसी तरह के तीन मामले भारत में भी देखे गए। दो मामले बेंगलूरु में और एक मामला गुजरात में। छोटे बच्चों में फैलने वाले इस वायरस को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एडवाइजरी बता रही है कि घबराने की जरूरत नहीं है।



ललित शर्मा
संपादक

यह वायरस दुनिया के कई देशों में पहले से ही मौजूद रहा है। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि चीन में फैल रहा वायरस कितना घातक है। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सलाह दी जा रही है कि सावधान रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं। लोग उसी गाइडलाइन का पालन करें जो कोविड के वक्त ह्यक्या करें और क्या न करेंह्न के रूप में जारी की गई थी। दरअसल, चीन में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी के मामलों में वृद्धि की खबरों ने पूरी दुनिया में चिंता बढ़ाई है। हालांकि, दुनिया के चिकित्सा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह सांसों से जुड़ा सामान्य वायरस है, जो सर्दी–जुकाम जैसी बीमारियां पैदा करता है। खासकर बच्चे व बुजुर्ग इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। लेकिन चिंता तब पैदा हो सकती है जब पता चले कि चीन के उत्तरी इलाकों में फैलने वाला वायरस म्यूटेशन से गंभीर बन गया है। हालांकि, चीनी नीति–नियंताओं की दलील रही है कि उत्तरी गोलार्ध में ठंड के मौसम में सांस की नली का संक्रमण आम बात है। फिर भी बताते हैं कोरोना का स्रोत माने जा रहे चीन में इस वायरस को लेकर गंभीरता देखी जा रही है और उसके नियंत्रण के लिये चीन के नेशनल डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेन्शन संस्थान की देखरेख में विशेष निगरानी सिस्टम बनाया गया है। चीन सरकार ने दिसंबर के तीसरे सप्ताह में उत्तरी प्रांतों में चौदह साल से कम उम्र के बच्चों के इस वायरस से पीड़ितों की संख्या में वृद्धि के बाद यह कदम उठाया था। हालांकि, एचएमपीवी के स्रोत के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है। दरअसल, यह संक्रामक बीमारी दुनिया के विभिन्न देशों में किसी न किसी रूप में विद्यमान रही है। जिसमें खांसी व छींक से निकलने वाले थूक के कणों से यह वायरस फैलता है। ऐसे में संक्रमण से बचने के लिये हाथ मिलाने, दूसरों को छूने व गले मिलने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। यदि हम सावधानी न बरतें तो वायरस हमें संक्रमित कर सकता है। कोरोना वायरस से बचाव की ही तरह खांसने –छींकने पर कपड़ा या रूमाल रखने की सलाह दी जाती है। निरंतर कपड़े को बदलने तथा नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की भी सलाह दी जाती है।

## डॉ अशोक कुमार वर्मा



### त्रिमूर्ति

कविता

किसी किसी के भाग्य में होती है सेवा।
किसी किसी को मिलती है यह समझ।
कोई– कोई विरला ही कमाता है पुण्य।
कोई– कोई कराता है भूखे को भोजन।

किसी किसी के भाग्य में होता है रंग खाकी।
किसी किसी की प्रकृति में होती है यह लग्न।
कोई– कोई ही बनता है सच्चा सुरक्षा प्रहरी।
कोई– कोई ही निभा पाता है अपना कर्तव्य।

किसी किसी के भाग्य में होते हैं सुकर्म।
किसी किसी को मिलते हैं ऐसे संस्कार।
कोई– कोई है जो हो नि:स्वार्थ सहयोगी।
कोई– कोई करता, तन–मन–धन अर्पण।

कौन है जिसको मिलता है तीनों का संगम।
कौन है गौरव और मान–सम्मान का सुपात्र।
वो खाकी है जिसको स्वयं चुनती है नियति।
सेवा सुरक्षा और सहयोग की है वो त्रिमूर्ति।

मित्रों ! गर्व करो तुम बन गए हो एक नायक।
खाकी देह एवं सत्यमेव जयते है मस्तक पर।
नहीं मिलता सबको यह सौभाग्य एवं अवसर।
बहुतों को देखा है तरसते इसके लिए अक्सर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सांस्कृतिक परम्पराओं के चलते पूरे विश्व में अपना विशेष स्थान बनाता भारत

आर्थिक क्षेत्र में प्रगति की दृष्टि से भारत की अपनी विशेषताएं हैं, जो अन्य देशों में नहीं दिखाई देती हैं। उदाहरण के लिए भारत में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों एवं मेलों आदि में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं द्वारा न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से इन मेलों/कार्यक्रमों में भाग लिया जाता है बल्कि इन श्रद्धालुओं द्वारा इन स्थानों पर किये जाने वाले खर्च से स्थानीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा देने एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित करने में भी अपना योगदान दिया जाता है। इसी प्रकार, धार्मिक पर्यटन भी केवल भारत की विशेषता है। प्रतिवर्ष करोड़ों परिवार धार्मिक स्थलों पर, विशेष महुरतों पर, पूजा अर्चना करने के लिए इकट्ठा होते है। जम्मू में माता वैष्णोदेवी मंदिर, वाराणसी में भगवान भोलेनाथ मंदिर, अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर, उज्जैन में बाबा महाकाल मंदिर, दक्षिण में तिरुपति बालाजी मंदिर आदि ऐसे श्रद्धास्थल है जहां पूरे वर्ष भर ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। प्रत्येक 3 वर्षों के अंतराल पर आयोजित होने वाले कुम्भ के मेले में भी करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु ईश्वर की पूजा अर्चना हेतु प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में पहुंचते हैं। शीघ्र ही, 14 जनवरी 2025 से लेकर 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में महाकुम्भ मेले का आयोजन किया जा रहा है। महाकुम्भ की 44 दिनों की इस इस पूरी अवधि में प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालुओं के भारत एवं अन्य देशों से प्रयागराज पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, इस प्रकार, कुल मिलाकर लगभग 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुगण उक्त 44 दिनों की अवधि में प्रयागराज पहुंचेंगे। करोड़ों की संख्या में पहुंचने वाले इन श्रद्धालुगणों द्वारा इन तीर्थस्थलों पर अच्छी खासी मात्रा में खर्च भी किया जाता है। जिससे विशेष रूप से स्थानीय अर्थव्यवस्था को तो बल मिलता ही है, साथ ही करोड़ों की संख्या में देश में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित होते हैं एवं होटल उद्योग, यातायात उद्योग, पर्यटन से जुड़े व्यवसाय, स्थानीय स्तर के छोटे छोटे उद्योग एवं विभिन्न उत्पादों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यापारियों के व्यवसाय में भी अतुलनीय वृद्धि होती दिखाई देती है।

इसी प्रकार, भारत में विवाहों के मौसम में सम्पन्न होने वाले विवाहों पर किए जाने वाले भारी भरकम खर्च से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। वर्ष 2024 के, मध्य नवम्बर से मध्य दिसम्बर के बीच, भारत में 50 लाख विवाह सम्पन्न हुए हैं। उक्त एक माह की अवधि के दौरान सम्पन्न हुए इन विवाहों पर भारतीय परिवारों द्वारा 7,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में सम्पन्न हुए विवाहों पर 5,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया था। उक्त वर्णित 50 लाख विवाहों पर औसतन प्रति विवाह 14,000 डॉलर, अर्थात लगभग 13 लाख रुपए की राशि का खर्च किया गया है एवं 50,000 विवाहों पर तो एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि का खर्च किया गया है। भारत में प्रति विवाह होने वाला औसत खर्च, परिवार की औसत प्रतिवर्ष की कुल आय का तीन गुणा एवं देश में औसत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के 5 गुणा के बराबर रहता है। भारत में विवाहों पर पूरे वर्ष में कुल 13,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है जो चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। चीन में प्रतिवर्ष विवाहों पर 17,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आगामी वर्ष में भारत, विवाहों पर किए जाने वाले खर्च की दृष्टि से, चीन को पीछे छोड़कर पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। भारत में प्रति वर्ष एक करोड़ विवाह सम्पन्न होते हैं। भारत में सर्दियों के मौसम को विवाहों का मौसम कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं हैं क्योंकि पूरे वर्ष भर में सम्पन्न होने वाले विवाहों में से लगभग 50 प्रतिशत विवाह सर्दियों के मौसम में ही सम्पन्न होते हैं।



> हाल ही में सम्पन्न हुए विवाहों के मौसम में भारतीय परिवारों द्वारा किए गए खर्च के चलते अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 की तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर को गति मिलेगी जो द्वितीय तिमाही में गिरकर 5.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी।

भारत में विवाहों पर होने वाले भारी भरकम राशि के कुल खर्च में से प्रीवेडिंग फोटोग्राफी, वेडिंग फोटोग्राफी, पोस्टवेडिंग फोटोग्राफी पर लगभग 10 प्रतिशत की राशि का खर्च किया जाता है। विवाह के स्थान के चयन एवं साज सज्जा पर वर्ष 2023 में 18 प्रतिशत की राशि का खर्च किया गया था, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया है क्योंकि भारतीय परिवारों द्वारा विवाह अब अन्य शहरों यथा गोवा, पुष्कर, उदयपुर एवं केरला जैसे स्थानों पर सम्पन्न किया जा रहे हैं। खानपान आदि पर कुल खर्च का लगभग 10 प्रतिशत भाग खर्च किया जा रहा है। म्यूजिक आदि पर लगभग 6 प्रतिशत की राशि का खर्च किया जा रहा है। इसी प्रकार, ज्वेलरी, ऑटो बाजार एवं सोशल मीडिया आदि पर भी अच्छी खासी राशि का खर्च किया जाता है। इससे, उक्त समस्त क्षेत्रों में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होते हैं। अतः भारत में विवाहों के मौसम में होने वाले भारी भरकम राशि के खर्च से देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर को तेज करने में सहायता मिलती है।

हाल ही में सम्पन्न हुए विवाहों के मौसम में भारतीय परिवारों द्वारा किए गए खर्च के चलते अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर को गति मिलेगी जो द्वितीय तिमाही में गिरकर 5.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। विनिर्माण क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में विकास दर अधिक रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

बंग्लादेश में राजनैतिक अस्थिरता के चलते रेडीमेड गार्मेंट्स के क्षेत्र में विनिर्माण इकाईयां बंद हो रही हैं एवं वैश्विक स्तर पर रेडीमेड गर्मेंट्स के क्षेत्र में कार्यरत सप्लाई चैन की इकाईयां बांग्लादेश के स्थान पर अब भारत से निर्यात को प्रोत्साहित कर रही हैं। जिससे भारत में रेडीमेड गर्मेंट्स एवं फूटवीयर उद्योग में कार्यरत इकाईयों को इन उत्पादों को अन्य देशों को निर्यात करने के ऑर्डर लगातार बढ़ रहे हैं।

उक्त कारकों के चलते भारत में परचेसिंग मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स नवम्बर 2024 माह के 58.6 से बढ़कर वर्तमान में 60.7 हो गया है। इस इंडेक्स के ऊपर जाने का आश्य यह है कि विनिर्माण के क्षेत्र में गतिविधियों में गति आ रही है। इसके साथ ही उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भी 6.21 प्रतिशत से घटकर 5.48 प्रतिशत पर नीचे आ गया है, अर्थात, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर भी नियंत्रण में आ रही है। जिससे आगे आने वाले समय में नागरिकों की खर्च करने की क्षमता में वृद्धि होगी।

हाल ही के वर्षों में विनिर्माण उद्योग, सेवा क्षेत्र एवं गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित हुए हैं और वर्ष 2005 के बाद से इस वर्ष विभिन्न कम्पनियों द्वारा सबसे अधिक नई भर्तियां, रिकार्ड स्तर पर, की गई हैं। इस सबके साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा फरवरी 2025 माह में मोनेटरी पॉलिसी में रेपो दर में कमी किए जाने की प्रबल सम्भावना बनती दिखाई दे रही है क्योंकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर अब नियंत्रण में आ रही है। इस वर्ष भारत में मानसून का मौसम भी बहुत अच्छा रहा है एवं विभिन्न फसलों की बुआई रिकार्ड स्तर पर हुई है जिससे इन फसलों की पैदावार भी रिकार्ड स्तर पर होने की सम्भावना है।

किसानों के हाथों में अधिक पैसा आएगा एवं उनके द्वारा विभिन्न उत्पादों की खरीद पर भी अधिक राशि का खर्च किया जाएगा। कुल मिलाकर, इन समस्त कारकों का सकारात्मक प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने जा रहा है और वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी एवं चोथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के तेज रहने की प्रबल सम्भावना व्यक्त की जा रही है। **– प्रहलाद सबनानी**

# भारत को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक निर्णायक कालखंड में कदम रखना जरूरी हो गया है



गोंदिया

**वेलकम इंडिया**

वैश्विक स्तरपर आज भारत के नाम प्रतिष्ठा होल्ड और वर्चस्वता का आधार बढ़ता ही जा रहा है, जिसके दम पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक मुख्य पक्ष माना जाता है जो हम बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष के भारत के साथ बॉडी लैंग्वेज से समझ मेंआता है और हम प्रोत्साहित होकर विजन 2047, विजन नए भारत, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं परंतु जिस तरह हमने हाल के कुछ दिनों में बंगाल के मंत्री, जबलपुर के आरटीओ, एमपी के चपरासी के यहां करोड़ों रुपए, एमपी में पोषण घोटाला सहित अनेकों भ्रष्टाचार के तथाकथित मामले मीडिया के माध्यम से हमने पढ़े और देखें और ऐसे अनेक मामलों की रिसर्च करेंगे तो हमें पता चलेगा कि इस तरह के भ्रष्टाचार जारी रहे तो हम उपरोक्त विजनस को पूर्ण नहीं कर पाएंगे? इसलिए अब जरूरी हो गया है कि भारत को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक निर्णायक कालखंड में कदम रखना अनिवार्य है। अब सीबीआई ईडी के साथ अन्य एजेंसियों को आय से अधिक संपत्ति रखने वालों का तेजी से पता लगाना होगा। सेवा क्षेत्र के हर चपरासी से लेकर बाबू और बड़े अधिकारियों तक की आर्थिक स्थिति की जांच तेजी से करनी होगी क्योंकि सरकारी क्षेत्र के लोगों के पास ही भ्रष्टाचार का कुबेर खजाना होगा तो अन्य निजी लोगों की बात ही क्या? हालांकि लाल किले से माननीय पीएम ने भी भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी और अब मिशन 2024 को भी अबकी बार भ्रष्टाचार पर वार का निर्णायक कालखंड बनाने की तैयारी है, इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार की करें तो, हमारे देश के लिए यह बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण विडंबना है कि युधिष्टिर, हरिश्चंद्र जैसे धर्मनिष्ठ शासकों व साधु-संतों की इस पावन धरती पर आज भ्रष्टाचार का विष फैला हुआ है । छोटे से छोटे कर्मचारियों से लेकर देश की सत्ता पर बैठे हमारे शीर्षस्थ भी आज भ्रष्टाचार में लिप्त होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता । भ्रष्टाचार हमारी राष्ट्रीय समस्या है । ऐसे व्यक्ति जो अपने कर्तव्यों की अवहेलना कर निजी स्वार्थ में लिप्त रहते हैं ह्यभ्रष्टाचारीह्न कहलाते हैं । आज हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरे तक समाहित हैं ।

साथियों मनुष्य कितना भी कुछ हासिल कर ले परंतु उसकी और अधिक प्राप्त कर लेने की लालसा कभी समाप्त नहीं होती है । किसी वस्तु की आकांक्षा रखने पर यदि उसे वह वस्तु सहज रूप से प्राप्त नहीं होती है तब वह येन-केन प्रकारेण उसे हासिल करने के लिए उद्?यत हो जाता है । इस प्रकार की परिस्थितियाँ भ्रष्टाचार को जन्म देती हैं। किसी उच्च पद पर आसीन अधिकारी प्रायः गुणवत्ता की अनदेखी कर अपने समाज, परिवार अथवा संप्रदाय के लोगों को प्राथमिकता देता है तो उसका यह कृत्य भ्रष्टाचार का ही रूप है । भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति सदैव न्याय की अनदेखी करता है ।

साथियों बात अगर आम भ्रष्टाचार की चुनौतियां और प्रारूप की करें तो, देश के सामने दो बड़ी चुनौतियां-पहली चुनौती - भ्रष्टाचार दूसरी चुनौती - भाई-भतीजावाद, परिवारवाद।

भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है, उससे देश को लड़ना ही होगा। देश की कोशिश है कि जिन्होंने देश को लूटा है, उनको लौटाना भी पड़े देश इसकी कोशिश कर रहे हैं। देश में चारों ओर व्याप्त सांप्रदायिकता, भाषावाद, भाई-भतीजावाद, जातीयता आदि से पूरित वातावरण भ्रष्टाचार के प्रेरणा स्त्रोत हैं । भ्रष्टाचार के कारण ही कार्यालयों, दफ्तरों व अन्य कार्यक्षेत्रों में चोरबाजारी, रिश्वतखोरी आदि अनैतिक कृत्य पनपते हैं । दुकानों में मिलावटी सामान बेचना, धर्म का सहारा लेकर लोगों को पथभ्रमित करना तथा अपना स्वार्थ सिद्?ध करना, दोषी व अपराधी तत्वों को रिश्वत लेकर मुक्त कर देना अथवा रिश्वत के आधार पर विभागों में भरती होना आदि सभी भ्रष्टाचार के प्रारुप हैं।

साथियों बात अगर हम कुछ दिनों पूर्व महालेखाकार रिपोर्ट में खुलासा हुए एक घोटाले और आरटीओ के यहां रेड की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार, 2018 से 2021 के बीच करीब 1.35 करोड़ महिलाओं को 2393 करोड़ का 4.05 मीट्रिक टेक होम राशन वितरित किया गया है।ऑडिट रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि टेक होम राशन बड़ी मात्रा में सिर्फ कागजों में बांट दिया गया। साथ ही करीब 58 करोड़ का नकली पोषण आहार का उत्पादन किया गया।रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि राशन बनाने वाली 6 फर्मो से परिवहन के नाम बाइक, कार, ऑटो और टैंकर के नंबरों को ट्रक बताकर करीब 6.94 करोड़ का 1125.64 मीट्रिक टन राशन के परिवहन होना बताया गया है। ऑडिट रिपोर्ट में उत्पादन और वितरण में घोटाला होना बताया जा रहा है।

जबलपुर में ईओडब्लयू यानी इकॉनमिक ऑफिंस विंग ने एक आरटीओ अधिकारी के घर छापा मार आय से अधिक संपत्ति का खुलासा किया है। बताया जा रहा है किआरटीओ अधिकारी की संपत्ति उनकी आय से 650 गुना ज्यादा है। छापामारी में उनके 6 आलीशान मकानों का पता चला है। उनके पास एक डेढ़ एकड़ में फैला फार्म हाउस भी है। ईओडब्लयू की रेड के दौरान उनके घर से 16 लाख रुपये कैश मिलने की भी बात सामने आई थी।

साथियों बात अगर हम भारत के महाशक्ति बनने के आंकलन की करें तो, भारत के महाशक्ति बनने की सम्भावना का आंकलन अमरीका एवं चीन की तुलना से किया जा सकता है। महाशक्ति बनने की पहली कसौटी तकनीकी नेतृत्व है। दूसरी कसौटी श्रम के मूल्य की है। महाशक्ति बनने के लिये श्रम का मूल्य कम रहना चाहिये। तब ही देश उपभोक्ता वस्तुओंका सस्ता उत्पादन कर पाता है और दूसरे देशों में उसका उत्पाद प्रवेश पाता है। चीन और भारत इस कसौटी पर अव्वल बैठते हैं जबकि अमरीका पिछड़ रहा है। तीसरी कसौटी शासन के खुलेपन की है। वह देश आगे बढ़ता है जिसके नागरिक खुले वातावरण में उद्यम से जुड़े नये उपाय क्रियान्वित करने के लिए आजाद होते हैं। बेड़ियों में जकड़े हुये अथवा पुलिस की तीखी नजर के साये में शोध, व्यापार अथवा अध्ययन कम ही पनपते हैं। भारत और अमरीका में यह खुलापन उपलब्ध है। चौथी कसौटी भ्रष्टाचार की है। सरकार भ्रष्ट हो तो जनता की ऊर्जा भटक जाती है। देश की पूंजी का रिसाव हो जाता है। भ्रष्ट अधिकारी और नेता धन को स्विट्जरलैण्ड भेज देते हैं। ट्रान्सपेरेन्सी इंटरनेशनल'द्वारा बनाई गयी रैंकिंग में अमरीका को १९वें स्थान पर रखा गया है जबकि चीन को ७९वें तथा भारत को ८४वां स्थान दिया गया है।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के समाधान की करें तो, भ्रष्टाचार के समाधान के लिए आवश्यक है कि भ्रष्टाचार संबंधी नियम और भी सख्त हों तथा भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले । इसके लिए सख्त और चुस्त प्रशासन अनिवार्य है । इस समस्या के निदान के लिए केवल सरकार ही उत्तरदायी नहीं है, इसके लिए सभी धार्मिक, सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं को एकजुट होना होगा । सभी को संयुक्त रूप से इसे प्रोत्साहन देने वाले तत्वों का विरोध करना होगा।

साथियों बात अगर हम 15 अगस्त 2022 को माननीय पीएम के लाल किले से भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार की करें तो उन्होंने कहा, कई लोग तो इतनी बेशर्मी तक चले जाते हैं कि कोर्ट में सजा हो चुकी हो, भ्रष?टाचारी सिद्ध हो चुका हो, जेल जाना तय हो चुका हो, जेल गुजार रहे हो, उसके बावजूद भी उनका महिमामंडन करने में लगे रहते हैं, उनकी शान-ओ-शौकत में लगे रहते हैं, उनकी प्रतिष?ठा बनाने में लगे रहते हैं। अगर जब तक समाज में गंदगी के प्रति नफरत नहीं होती है, स?चछता की चेतना जगती नहीं है। जब तक भ्रष?टाचार और भ्रष?टाचारी के प्रति नफरत का भाव पैदा नहीं होता है, सामाजिक रूप से उसको नीचा देखने के लिए मजबूर नहीं करते, तब तक यह मानसिकता खत?म होने वाली नहीं है। और इसलिए भ्रष?टाचार के प्रति भी और भ्रष?टाचारियों के प्रति भी हमें बहुत जागरूक होने की जरूरत है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भ्रष्टाचार, भारत को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक निर्णय कालखंड में कदम रखना जरूरी हो गया है। भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी के प्रति नफरत सामाजिक बहिष्कार रंगे हाथ पकड़ने की मानसिकता के लिए हर नागरिक को जागरूक होना जरूरी है।

# मशाल तेजस्विनी का डीएम एवं पुलिस ने किया स्वागत



**बागेश्वर।** प्रदेश को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिलने के बाद राष्ट्रीय खेलों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल तेजस्विनी के जनपद मुख्यालय पहुंचने पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई एवं पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर आर घोड़के ने भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय खेलों के प्रति लोगों को जोड़ने एवं प्रेरित करने के लिए तहसील परिसर से जिलाधिकारी ने विशाल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही प्रचार रथ का अनावरण किया गया। मशाल तेजस्विनी एवं शुभंकर मौली के साथ लोगों के द्वारा खूब फोटो एवं सेल्फियां खींची। रैली को लेकर जिलेवासियों में काफी उत्साह दिखाय रैली में देव भूमि बनेगी, खेल भूमि व संकल्प से शिखर तक स्लोगनों आदि नारों से पूरा बागेश्वर गुंजयमान हो उठा। स्थानीय लोगों द्वारा पारम्परिक परिधानों में रैली में प्रतिभाग किया गया।

मंगलवार को जिला मुख्यालय में मशाल तेजस्विनी के पहुंचने पर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर जनपद में हर्षोल्लास का माहौल है। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का मौका मिलना हम सबके लिए गर्व का विषय है। इससे हमारी देवभूमि आगे खेल भूमि के रूप में भी विकसित होगी। उत्तराखंड के लिए यह एक अच्छा अवसर है। हमारी प्रतिभाओं को उचित मंच मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि

■ **तहसील परिसर से जिलाधिकारी ने विशाल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर मौली के साथ प्रचार वाहन जनपद के सभी विकासखंडों के दूरस्थ गांव और शहरों में घूम कर राष्ट्रीय खेलों का प्रचार प्रसार कर रहा है व लोगों को राष्ट्रीय खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।जिले में हमारे प्रतिभावान खिलाड़ी देश विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। रैली में सैकड़ों खेल प्रेमियों सहित छात्र छात्राए और सैकड़ों लोगों ने भागीदारी की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मोनिका, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, प्रभारी खेल अधिकारी किरन नेगी, अंतराष्ट्रीय खिलाडी गजेंद्र सिंह परिहार, महेंद्र सिंह परिहार समेत सैकड़ो युवा खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## नगर निकाय चुनाव में त्रिस्तरीय पंचायत में प्रशासकों द्वारा चुनाव प्रचार करने पर उठाए सवाल

**बागेश्वर।** जिले मैं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ब्लाक और जिपं में सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासको द्वारा नगर निकाय चुनाव में प्रचार में शामिल होने पर रोक लगाने की मांग उठाई है। उच्चन्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता और गरुड़ में सिविल सोसायटी द्वारा नगर पंचायत चुनाव प्रत्यासी के अभिकर्ता के तौर पर चुनाव प्रचार कर रहे एड डी के जोशी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पूर्व सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख द्वारा अपने प्रशासनिक क्षेत्रसीमा में चुनाव प्रचार करनेपर सवालिया निशान उठाए हैं। और सवाल पूछते हुए जब उन्हें नीतिगत फैसला लेने के लिए सरकार से अनुमति लेनी है तो क्या इस बार के निकाय चुनाव में अपने अपने राजनैतिक दलों के उमीदवारों के चुनाव प्रचार में सामिल होने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर से उनके द्वारा अनुमति लेने की बात कहते हुए निर्वाचन आयोग से जबाब देने की बात कही है।

# गरुड़ नगर पंचायत में भाजपा की एकतरफा होगी जीत

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़।** पहली बार गरुड़ नगर पंचायत के गठन के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है।नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी वार्ड सभासदों की प्रचंड जीत के दावे करते हुए गरुड़ की राजनीति के प्रमुख चेहरे और दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट के कुशल मार्गदर्शन में हो रहे चुनाव में भाजपाई युद्धस्तर पर अपने प्रत्यासी ललिता वर्मा के प्रचार में जुट गए हैं।वही चुनाव प्रचार में नगर के समुचित विकास के लिए नगरवासियों से भाजपा के पक्ष में मतदान कर भाजपा प्रत्यासी ललिता वर्मा को जिताने के लिए दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया है।

नगर के सभी वार्डो में भाजपा कार्यकताओं द्वारा धुँएदार प्रचार किया जा रहा है।भाजपा पहली बार हो रहे नगर पंचायत चुनाव में अपनी जीत के दावे कर रही है।

वही स्थानीय लोगों द्वारा भाजपा कांग्रेस के साथ निर्दलीय प्रत्याशी नीमा वर्मा के बीच चुनावी घमासान त्रिकोणीय होने की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा के जन सम्पर्क अभियान में भाजपा प्रत्याशी ललिता वर्मा सभासद प्रत्यासी मोनिका वर्मा सहित अन्य प्रत्यासियों के प्रचार में भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह राणा, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, हरीश रावत रोहित आर्य योगेश वर्मा सहजाद लक्ष्मी दत्त पाण्डेय, हेमा बिष्ट जानकी पांडे केआर आर्य गोपाल सिंह नेगी हरीश रावत नंदन सिंह अल्मिया आदि मौजूद थे।

# गोवर्धन में नगर पंचायत कराएगी सीमा विस्तारित क्षेत्र में आठ रास्तों का सीसी निर्माण

**वेलकम इंडिया**



**चमकेंगे दो तिराहे, बनेगा बिटिया पार्क**

**गोवर्धन।** गोवर्धन के सीमा विस्तारित क्षेत्र में आठ रास्तों का सीसी निर्माण होगा, वहीं दो तिराहों के सौंदर्यीकरण सहित एक बिटिया पार्क का निर्माण भी होगा। लंबे समय से इन रास्तों के निर्माण की वाट स्थानीय लोग जोह रहे है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत सरकार से प्रस्तावों को मंजूरी मिलने के बाद नगर पंचायत ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने पर जल्द ही कार्य शुरू हो जाएंगे। सौंख रोड पर राजीव तिराहे व मथुरा रोड पर ब्लॉक तिराहे का सौंदर्यीकरण कार्य व एक बिटिया पार्क का निर्माण कार्य भी शुरू होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा देवी शर्मा व अधिशाषी अधिकारी चैतन्य तिवारी ने निर्माण कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में गोवर्धन मगर पंचायत का सीमा विस्तार हुआ था जिसमें भीम नगर, आन्यौर, जतीपुरा, हरिपुरा सकितरा को नगर पंचायत क्षेत्र में सम्मिलित कर दिया था। उक्त गांव में कई रास्तों के हालात बहुत खराब है। बारिश के दिनों में जलभराव से स्थानीय नागरिकों का निकलना दूभर हो जाता है। मगर अब नागरिकों को इस समस्या से जल्द निजात मिलेगी। गांव भीम नगर वार्ड एक में परिक्रम मार्ग से सटे दो रास्तों, सकीतरा वार्ड नौ में तीन रास्तों, गांव आन्यौर के वार्ड 16 में बहु प्रतीक्षित बारात घर से गोविंद के घर तक सीसी रोड, वार्ड सात में डीग रोड पर कृष्ण क्लीनिक के सामने वाला प्रमुख मार्ग, वार्ड बारह में सौंख रोड गेस गोदाम के बराबर वाला रास्ते का सीसी रोड निर्माण कार्य होगा। इसी के अंतर्गत दो तिराहों का सौंदर्यीकरण होगा। व एक बिटिया पार्क का निर्माण भी होगा। इन कार्यों से नगर पंचायत के नागरिकों को राहत मिलेगी।

## इफको एमसी का दवा लेने पर किसानों को मिलेगा सुरक्षा बीमा का लाभ

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के बरदहा गांव के टोला मधुबेनिया में मंगलवार को इफको एमसी का किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।किसान संगोष्ठी में इफको एमसी के क्षेत्रीय अधिकारी योगेंद्र कुमार ने किसानों को फसल में लगने वाले खरपतवार को नष्ट करने को लेकर जानकारी दी गई इसके साथ ही इफको एमसी का सल्फर के बारे में जानकारी दी और किसानों को बताया कि इस सल्फर को तिलहन की फसल में गेहूं एवं लगभग सभी फसलों में उपयोग किया जाता है।इन्होंने कहा कि इफको एमसी की दवा लेने पर इफको एमसी के द्वारा बीमा भी निः शुल्क किया जाता है इसके अलावा जिस इफको दुकान से दवा ले तो रशीद जरूर ले जिससे कोई भी दुर्घटना होती है तो इफको एमसी के द्वारा किसानों सुरक्षा बीमा का लाभ मिल सके।इस किसान गोष्ठी में एग्रीजंक्शन वन स्टॉप शॉप के प्रोपराइटर अनंत कुमार मिश्र, मोनू यादव, मजनू, उमेश, रामकेश, गोविंद, अखिलेश, बावली, तौलन, प्रहलाद आदि मौजूद रहे।

## टीवी रोग से होने वाले खतरे को लेकर

# आम जनमानस को किया जागरूक : डॉ. मधु गुप्ता

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ अजमेर सिंह के दिशा निर्देशन में 100 दिवसीय सघन टीवी अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन डॉक्टर मधु गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि टीवी बहुत ही खतरनाक एवं जानलेवा बीमारी होती है जिसका मुख्य कारण धूम्रपान का सेवन करना आदि होता है टीवी का होना सिर्फ खांसी से ही नहीं पता किया जा सकता है बल्कि खांसी के साथ-साथ मुंह से खून आना बुखार थकान सीने में दर्द सांस लेने में तकलीफ गर्दन में गांठ रात में पसीना आना भूख ना लगना एवं वजन कम होना आदि भी टीवी के लक्षण होते हैं यदि हमें दो सप्ताह से अधिक खांसी आती है तो हमें अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए एवं अपनी जांच करानी चाहिए तथा धूम्रपान का सेवन त्याग देना चाहिए एवं निरंतर रूप से व्यायाम तथा योग करते रहना चाहिए ताकि हम टीवी जैसी भयानक बीमारी से बचे रहे इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों की जांच एवं उचित परामर्श भी दिए जाएंगे इस अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई एवं आम जनमानस को टीवी संबंधित पुस्तिका प्रदान की गई एवं टीवी के लक्षणों तथा इसके सावधानियां को विस्तृत रूप से बताया गया। इस अवसर पर हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, बंदना चौहान एवं श्रवण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सिद्दी विनायक महाविद्यालय में हुई सामान्य ज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों का हुजूम उमड़ा



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** मंगलवार को सामान्य ज्ञान परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राओं का सैलाब सुबह से ही श्री सिद्धि विनायक सिद्धि पर उमड़ पड़ा। छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण महाविद्यालय के दोनों ब्लॉकों में चार शिफ्टों में सामान्य ज्ञान परीक्षा कराई गई।

शहर के श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय में युवा प्रतिभा महोत्सव के अंतर्गत सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा में जनपद के सभी ब्लॉकों से 78 इंटर कॉलेज के 4616 छात्र-छात्रायों ने भाग लिया। निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, सचिव श्रीमती मधु शर्मा ने गणेश जी महाराज की आरती उतारकर, पुष्प वर्षा करके परीक्षा का शुभारंभ किया। प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि सामान्य ज्ञान परीक्षा में मथुरा जनपद के सभी ब्लाकों से 78 विभिन्न इंटर कॉलेजों के 4616 छात्र-छात्राओं ने बड़े ही जोश और उत्साह के साथ भाग लिया है। एलएलबी विभागाध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट ने बताया की युवा प्रतिभा महोत्सव में आयोजित खेलकूद एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा के विजेताओं का परिणाम 16 जनवरी को घोषित किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार एलइडी टीवी, द्वितीय पुरस्कार रेंजर साइकिल, तृतीय पुरस्कार सीलिंग फैन और 161 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सहनिदेशक सतीश शर्मा, विपुल शर्मा ने इंटर कॉलेजों से आये प्रबन्धकों एवं प्रधानाचार्यों का गडेश जी स्मृति चिन्ह देकर पटुका माला उड़ाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई दिलीप यादव ने किया। इस अवसर पर एजुकेशन डायरेक्टर


महेश चंद अग्रवाल, बाल कृष्ण सैनी, टीकम सिंह राजावत, विष्णुकांत शर्मा, राजेश शर्मा, पवन कुमार, कुमरपाल सिंह, जयप्रकाश कुंतल, भानु अग्रवाल, हारून, देवीराम, दिनेश कौशिक, चंद्रशेखर जोशी, प्रकाश सिंह, याचना शर्मा, प्रियंका तिवारी, अर्चना माथुर, नीलम, उमा जोशी, दीपा चतुवेदी, बुलबुल कौशक, अनुराधा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## भीषण टंड व शीतलहर को देखते हुए माध्यमिक विद्यालय में अवकाश व समय परिवर्तन किए जाने की मांग

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी, जिलाध्यक्ष महेश राम, जिला मंत्री गिरिजानन्द यादव, कोषाध्यक्ष पुनीत कुमार त्रिपाठी ने भीषण ठंढ व शीतलहर को देखते हुए माध्यमिक विद्यालय में अवकाश व समय परिवर्तन किए जाने की मांग की है। मांग में कहा गया है कि जनपद में भीषण ठंढ व शीत लहर पड़ रही है। जिसके कारण विद्यार्थियों को विद्यालय आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। मौसम विभाग ने भी ठंड को लेकर चेतावनी जारी की है।विद्यार्थियों को ठंड से बचाव के लिए ठंड को देखते हुए अग्रिम आदेश तक माध्यमिक विद्यालयों को प्रातः 10 से 3 बजे के मध्य संचालित किया जाय, विद्यार्थियों को ठंड से बचाव को दृष्टिगत रखते हुए इंटरमीडिएट स्तर तक के विद्यालयों को 11 जनवरी 2025 तक के लिए बंद कर दिया जाय।

# गीता शोध संस्थान की बच्चों के लिए गीता व्याख्यान संगोष्ठी

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी द्वारा गीता के प्रचार-प्रसार योजना के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं के क्रम में आज गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वेदिक एजुकेशन गिव गोवर्धन से श्री राधा कवि दास, श्री अवतारी प्रभु, श्री मनदीप प्रभु एवं आचार्य वृंदावन दास जी महाराज की कृपा से आज रामकली देवी सरस्वती बालिका विद्यालय में गीता व्याख्यान का आयोजन किया गया। गीता का ज्ञान सफलता की पहचान के उद्घोष के साथ गिव संस्था

से आए श्री राधा कवि दास जी के द्वारा श्रीमद् भागवत गीता की सरल एवं अनुपम अनूठी उदाहरण के साथ रोचक व्याख्यान हुआ। विद्यालय में लगभग 250 बालिकाओं ने पूरे स्टाफ के साथ भाग लिया।

प्रोफेसर दिनेश खन्ना के निर्देशन सभी ने भगवत गीता व्याख्यान को बहुत ही ध्यान से सुना एवं प्रभु जी के द्वारा प्रश्नोत्तरी में बढ़-कर कर भाग लिया अकादमी से समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, जगदीश पथसरिया ने विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की की भविष्य में गीता शोध संस्थान के द्वारा इसी प्रकार गीता संगोष्ठी एवं गीता व्याख्यान के लिए उन्हें सेवा का मौका प्रदान करते रहेंगे।

इस आयोजन में श्रीमती प्रेमा प्रानू प्रधानाचार्या, अंजली शर्मा, मीनाक्षीराज वर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, यश सक्सेना, कोमल, राजेंद्री, रिमझिम, विनीता शर्मा, प्रीति गुप्ता, ज्योति यादव आदि की उपस्थिति रही।

# संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का उत्सव

## संविधान गौरव अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धातों का प्रचार किया जाएगा और अंबेडकर को श्रद्धाजलि दी जाएगी : डीपी भारती

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पर गौरव संविधान अभियान के उपलक्ष्य में जिला कार्यशाला आहूत हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी/प्रदेश मंत्री भाजपा उ0प्र0 डीपी भारती रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि संविधान गौरव अभियान भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव स्वरूपी अभियान है। अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धातों का प्रचार किया जाएगा और संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर को श्रद्धाजलि दी जाएगी। बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी थे, जिन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित किया, कांग्रेस पार्टी के विभाजक एजेंडे से राष्ट्र की रक्षा करने में भी उनका अहम योगदान था। पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने बाबा साहेब को लगातार अपमानित किया है, कांग्रेस की इस मानसिकता की वजह से दशकों तक बाबा साहेब को भारत रत्न नही मिला न ही पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में उनका चित्र लग पाया, आपातकाल और सामाजिक विभाजन की राजनीति, कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब और उनकी धरोहर को अपमानित करने के कांग्रेसी एजेंडे के उदाहरण है सांसद हाथरस अनूप प्रधान बाल्मीक ने बताया कि भाजपा ने हमेशा बाबा साहेब और उनकी धरोहर को सम्मानित किया है, भाजपा के समर्थन के फल स्वरूप ही 1990 में उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मनित किया गया, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 का निरसन, सबका साथ, सबका विकास, मूलमंत्र से सामाजिक उत्थान, पंचतीर्थ के निर्माण के माध्यम से श्रद्धांजलि और समान नागरिक संहिता के समर्थक के रूप में उनकी दृष्टि को कार्यान्वित किया जा रहा है। सिकंदराराऊ विधायक वीरेन्द्र सिंह राणा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को वोट की ताकत दिलाकर भारत के संबिधान को विश्व का सर्वोत्तम संबिधान बनाने का निर्माण किया है।

**यह रहे मौजूद :** कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री डौली माहौर, ब्लॉक प्रमुख पूनम पाण्डेय, धर्मेन्द्र पाल सिंह, रामेश्वर उपाध्याय चेयरमैन हर्षकान्त कुशवाह, सचेन्द्र कुशवाहा, राधारमन अग्रवाल, महेन्द्र सिंह आचार्य, सत्यपाल मदनावत, हरीशंकर राना, प्रेमसिंह कुशवाहा, ब्रजेश सिंह चौहान, सुनील गौतम, रामकुमार माहेश्वरी, कप्तान सिंह ठेनुआ, प्रमोद सेंगर, मीरा माहेश्वरी, संध्या आर्य, तपन जौहर, भूपेन्द्र कौशिक, सुनीता वर्मा, सुरेन्द्र सिंह पुण्ढीर, जयपाल सिंह चौहान, देवचन्द्र गौड़, ओजवीर सिंह, मथुरा प्रसाद गौतम, राणा, मुकुल गुप्ता, सचिन दीक्षित, मूलचन्द वार्ष्णेय, राजपाल सिंह, नीरेश कुमार सिंह, शिवदेव दीक्षित, राजेन्द्र सिंह धाकरे, लक्ष्मण सिंह प्रधान, जीतेन्द्र कुमार, प्रवीन कुमार, कृष्ण मुरारी वार्ष्णेय, सूरज शाह, अशोक कुमार आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ.मुक्ता कौशिक व डॉ.आशीष नायक सामाजिक समरसता सम्मान से सम्मानित



**वेलकम इंडिया/डॉ.शंभू पंवार**

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ.मुक्ता कान्हा कौशिक को अभनपुर, रायपुर में सामाजिक समरसता गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

शिक्षाविद् डॉ. मुक्ता कान्हा कौशिक को यह सम्मान गायत्री विद्या पीठ, अभनपुर, रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास, पीठाधीश दूधाधारी मठ रायपुर, एवं डॉ. सियाराम साहू, अधिष्ठाता, उद्यानिक विश्व विद्यालय दुर्ग एवं समिति के संयोजक डॉ.सुखदेव साहू 'सरस' ने निस्वार्थ भाव से सामाजिक दायित्व का निर्वहन एवं शैक्षिक साहित्यिक क्षेत्र से उल्लेखनीय कार्य के लिए शॉल, श्रीफल, सम्मान पत्र प्रदान कर सामाजिक समरसता गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

सीनियर अधिकारी की साइकिल यात्रा

# फिटनेस और पर्यावरण की अनूठी पहल

वेलकम इंडिया

**अयोध्या सोहावल** ।2009 बैच के कफफर अधिकारी ओंकार नाथ यादव ने अपने अनूठे प्रयास से समाज को एक प्रेरणादायक संदेश दिया है। वर्तमान में भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निदेशक के रूप में कार्यरत श्री यादव ने साइकिल से अपने आवास से कार्यालय तक यात्रा करने की पहल की है।इस कदम का उद्देश्य न केवल दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण को कम करना है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और सरकार की 'फिट इंडिया' पहल को बढ़ावा देना भी है।

प्रदूषण कम करने और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश श्री यादव का मानना है कि भारत जैसे देश की प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य और सक्रियता पर निर्भर करती है।साइकिल चलाने के उनके इस प्रयास से न केवल वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि फिट और स्वस्थ रहने का संदेश भी व्यापक रूप से फैलेगा।

उन्होंने कहा, ₹वरिष्ठ अधिकारियों को साइकिल से ऑफिस आना-जाना चाहिए।इससे समाज में यह संदेश जाता है कि सरकार अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण को लेकर कितनी गंभीर है। वरिष्ठ अधिकारियों की इस तरह की पहल से समाज के अन्य वर्ग भी प्रेरित होंगे और इस बदलाव का अनुसरण करेंगे।₹

उन्होंने आगे कहा, ₹लंबे समय में एक बड़े परिवर्तन की शुरूआत हमेशा एक छोटे से प्रयास से होती है। साइकिल चलाने की यह पहल न केवल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती है, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करती है।उनके इस विचार से न केवल फिट इंडिया पहल को गति मिलेगी, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का मार्ग भी प्रशस्त होगा।



फिट इंडिया पहल को बढ़ावा देने का श्री यादव का यह प्रयास फिट इंडिया मूवमेंट को नई ऊर्जा देने वाला है।उनका कहना है कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों को शामिल करना चाहिए। इससे न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और विकास पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

बस्ती जिले का गौरव बस्ती जिले के खोरिया बाजार ग्रामसभा से ताल्लुक रखने वाले ओंकार नाथ यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गाँव के ही स्कूल में पूरी की। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इलाहाबाद विश्वविद्यालय और आईआईटी खड़गपुर तक पहुँचाया। आज वे ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। श्री यादव ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ सम्मेलन में भारत का 2 बार प्रतिनिधित्व किया। श्री यादव को लोक प्रशासन में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए नामित किया जा चुका है। साथ ही, उपग्रह मॉनिटरिंग हेतु डिश ऐन्टेना विकसित करने के लिए उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है।

श्री यादव का यह कदम समाज को यह संदेश देता है कि शारीरिक सक्रियता और पर्यावरण की सुरक्षा में हर नागरिक की जिम्मेदारी है। साइकिल चलाने जैसा छोटा कदम भी बड़े बदलाव का माध्यम बन सकता है।

उनके प्रयास न केवल फिट इंडिया पहल को सशक्त कर रहे हैं, बल्कि नागरिकों को यह प्रेरणा भी दे रहे हैं कि सीनियर अधिकारी होते हुए भी सरल और पर्यावरण-संवेदनशील जीवनशैली अपनाना संभव है।

आइए, फिट इंडिया मूवमेंट से जुड़ें और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

# सेंट कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**झाँसी**। जनवरी माह को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाने के क्रम में आज सेंट कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी के कुशल निर्देशन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से एआरटीओ एसके अग्रवाल और सीओ ट्रैफिक स्नेहा तिवारी ने की। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक उमा कांत ओझा, टीएसआई प्रेम पाल सिंह, उप निरीक्षक विमला मिश्रा (महिला थाना) सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा पर जागरूकता और प्रतियोगिताओं का आयोजन कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित अहम जानकारियां साझा की गईं। विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग और निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक कार्यक्रम में सीओ ट्रैफिक स्नेहा तिवारी ने मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत छात्राओं को महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए चल रही योजनाओं और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।

सड़क सुरक्षा की शपथ और सामाजिक भागीदारी एआरटीओ एसके अग्रवाल ने उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सिविल डिफेंस नगरा प्रभाग के वार्डन्स, विद्यालय की प्रधानाचार्य मेघा दीक्षित और अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र खत्री द्वारा किया गया।

# मंडी कार्यालय में व्यापारियों के साथ गोष्ठी हुई सम्पन्न



**झांसी**। सिटी मजिस्ट्रेट तथा प्रमोद झा और सी.ओ ट्रैफिक स्नेहा तिवारी की संयुक्त अध्यक्षता में मंडी कार्यालय में व्यापारियों के साथ गोष्ठी की गई इस मौके पर व्यापारियों द्वारा मंडी गेट पर खड़े वाहनों की वजह से लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा इस मौके पर मंडी सचिव बबलू कुमार टी आई झाँसी उमाकांत ओझा टी.एस.आई प्रेम पाल सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला ने लगाया पति व जेठ पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला**। थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक महिला ने अपने पति व जेठ पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी महिला बबली पत्नी देवेंद्र ने बताया कि पीड़िता का पति आए दिन उसके साथ मारपीट व गली गलौज करता है और उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते हुए उसे परेशान करता है।आरोप है कि मंगलवार को आरोपी पति एवं उसके जेठ ने पीड़िता के साथ जमकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी पति एवं जेठ के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने का आरोप



**कांधला**। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने अपने भाइयों पर उसके हिस्से के मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने उप जिलाधिकारी को पत्र भेज कर अपने मकान पर कब्जा दिलवाने की मांग की है।मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी इकबाल पुत्र नूर अहमद ने बताया कि पीड़ित सहित वह सात भाई हैं और कस्बे में उनके साथ मकान है सातों मकान दादइलाई होने के कारण बेनामा उसकी मां के नाम दर्ज है।आरोप है कि उसके भाइयों ने उसके हिस्से के मकान पर भी जबरन कब्जा किया हुआ है, और पीड़ित को उसके बच्चों सहित घर से निकाल दिया है।पीड़ित का आरोप है कि जब वह अपने हिस्से का मकान मांगता है तो उसके भाई उसे जान से मारने की धमकी देते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हैं।पीड़ित व्यक्ति ने उप जिला अधिकारी कैराना को शिकायती पत्र भेजकर अपने हिस्से का मकान दिलवाने एवं कांधला पुलिस को निर्देशित किए जाने की मांग की है।

# पत्रकार की निर्मम हत्या के विरोध में पत्रकारों ने एसडीएम सोहावल को सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**सोहावल**। एनयूजेआई उप्र के,बैनर तले सोहावल तहसील अध्यक्ष अशोक मिश्र की,अगुवाई मे विगत दिनो,छत्तीसगढ मे युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या से.दुखी पत्रकारो द्वारा शोक जताया।

अध्यक्ष मिश्रा ने,कहा कि,जिस पत्रकार मुकेश की बीजापुर मे मओवादियो के,,चंगुल से केंद्रिय सुरक्षा बल से छुड़ाकर जान बचाई। वही एक माफिया ठेकेदार द्वारा हत्या करना लोकतंत्र की.सुरक्षा पर करारा प्रहार किया।

संगठन की,ओर से,राष्ट्रपति से,संबोधित ज्ञापन मे,मृतक पत्रकार के,परिजनो को,पांच करोड की आर्थिक सहायता, परिजनो को,समुचित सुरक्षा तथा शामिल दोषियो को,कठोर सजा दिलाने की मांग की।किसी अन्य पत्रकार के,साथ घटना की पुनरावृति नही होने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून पूरे देश मे लागू करने की मांग राष्ट्र पति से संबोधित तहसीलदार के सौपे ज्ञापन मे मांग की।इस मौके,पर संगठन महामंत्री के के सिंह, रामसुरेश सिंह, देवी प्रसाद वर्मा, सोहराब खान, गौरव मिश्र, मो फहीम, संजीव सिंह, पवन पटेल, सालिक राम प्रजापति, राजनरायण पांडेय शशांक सिंह, राजकरन वर्मा, अफरोज अहमद,आदि मौजूद रहे।

# बाबा गोपाल दास चैरिटेबल सोसाइटी ने निर्धनों-निराश्रितों को निःशुल्क कंबल वितरित किए

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन**। श्रीजी की रासक्रीडा स्थली सेवाकुंज पर बाबा गोपाल दास चैरिटेबल सोसाइटी, बठिंडा (पंजाब) के द्वारा बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) की पुण्य स्मृति में श्रीहित बड़ा रासमण्डल के अध्यक्ष श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज के पावन सानिध्य में संत, ब्रजवासी, वैष्णव एवं निर्धन निराश्रित आदि को निःशुल्क कंबल वितरित किए गए।

श्रीहित बड़ा रासमण्डल के अध्यक्ष श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज ने कहा कि बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) राधा वल्लभ संप्रदाय की बहुमूल्य निधि थे।वे श्रीजी के परम उपासक व अत्यंत फक्कड़ संत थे।उनके पास जो भी धन उनके भक्तों व शिष्यों के द्वारा आता था,उसे वे निर्धनों व निराश्रितों में खर्च कर दिया करते थे।उन्होंने आजीवन रास्मंडल पर रहकर ही कठोर भगवत साधना की।

ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि संत शिरोमणि बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) श्रीधाम वृन्दावन के प्राचीन स्वरूप के परिचायक थे।वे नित्य प्रति यमुना पार स्थित अपनी एक छोटी सी कुटिया में जाकर एकान्त में भगवद् भजन किया करते थे।

इस अवसर पर किशोर वन के सेवायत आचार्य घनश्याम किशोर गोस्वामी, रमेश कुमार मेहता (बठिंडा), हनीश, अशोक कुमार गर्ग (चंडीगढ़), विजय मेहता (दिल्ली) एवं युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# नवागत एसडीएम ने संभाला सोहावल तहसील का कार्यभार

वेलकम इंडिया



**अयोध्या**। सोहावल तहसील पर तैनात एसडीएम अशोक कुमार सैनी को राममंदिर मजिस्ट्रेट तथा यहा तैनात मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह एसडीएम सोहावल बनाए गये।नवागत एसडीएम सिंह ने तहसीलदार सुमित कुमार सिंह पेशकार अंजनी कुमार के साथ न्यायिक कोर्ट नायब तहसीलदार तहसीलदार के कोर्ट का निरीक्षण किया।

तैनात मातहतो से मिलकर राजस्व से संबंधित मामलो की कार्यशैली की जानकारी ली। उसके बाद अधिवक्ताओ से मिलने बार चेबर मे पहुचे।सभी से वादकारियो के मुकदमो को शीघ्र हलकर शीघ्र समस्याओ के निस्तारण मे करने का सहयोग मांगा सहयोग मांगा। लगभग एक घंटे तक परिसर का निरीक्षण मेल मुलाकात के बाद अपने चेंबर मे न्यायिक मजिस्ट्रेट सोहावल तहसीलदार के साथ मीटिंग की। इस दौरान रूदौली एसडीएम की मौजूदगी राजस्व निरीक्षक हल्का लेखपालो एवं अन्य मातहत कर्मियो मे बेचैनी बनी रही।

# 70 वर्षीय दयावंती कालीरावण ने म्यूजिकल चेयर गेम में मारी बाजी

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/ हिसार**। महिला एवं बाल विकास परियोजना, अग्रोहा द्वारा खंड स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला कार्यक्रम अधिकारी, हिसार मंजू राणा ने शिरकत की। यह चैंपियनशिप राजीव गांधी खेल स्टेडियम अग्रोहा में की गई। इस चैंपियनशिप में 100 मीटर रेस, डिस्क थ्रो, म्यूजिकल चेयर, 400 मीटर रेस, 300 मीटर रेस,

5 किलोमीटर साइकल रेस आदि खेल करवाए गए। 100 मीटर रेस में प्रथम सरोज और द्वितीय सरोज कुलेरी तथा तृतीय स्थान रोशनी सिवानी बोलान ने प्राप्त किया। डिस्क थ्रो में प्रथम स्थान अनिता अग्रोहा और द्वितीय स्थान दया खासा तथा तृतीय स्थान मनीषा कुलेरी ने प्राप्त किया। म्युजिकल चेयर में प्रथम स्थान दयावंती कालीरावण और द्वितीय स्थान राधा अग्रोहा तथा सुदेश कालीरावण तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर रेस में नितिन सिवानी बोलान, अंजलि दुर्जनपुर, कोमल किराड़ा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

300 मीटर रेस में सिमरन दुर्जनपुर, दिक्षा सिवानी, प्रतिभा सन्दोल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5 किलोमीटर साइकल रेस में मोनिका नंगथला, बंटी श्यामसूख व सवीना अग्रोहा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को 2100 और 1100 तथा 750 रुपए नकद पुरस्कार डीबीटी माध्यम से प्रदान करके सम्मानित किया गया।

खण्ड महिला व बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिता दलाल ने बताया कि यह चैंपियनशिप दो आयु वर्ग 18-30 वर्ष व 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए आयोजित हुई। मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद चैंपियनशिप में भाग लेने से ग्रामीण आंचल में छिपी प्रतिभाएं उभरकर सामने आती है।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा, डब्ल्यूसीडीपीओ अनीता दलाल, सहायक सचिन, विक्रम, मोनिका, सीमा, सीमा, भावना, कोमल, सुनीता, शीला, राजेश पीटीआई नवीन पीटीआई रणधीर फोजी, आदि मौजूद रहे।

# निर्वाचन आयोग की हिदायत पर मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर**। निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मंगलवार को तहसील क्षेत्र के समस्त बूथों पर बीएलओ द्वारा नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया।

निर्वाचन आयोग की हिदायत पर पिछले कई महीनों से चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओ द्वारा नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने, मृत अथवा स्थानांतरित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाए जाने के साथ ही त्रुटिपूर्ण नामों को संशोधित करने का कार्य कर सूची को अपडेट किया गया।मंगलवार को बीएलओ और पदाभिहित अधिकारी ने अपने-अपने बूथों पर समय से उपस्थित रहकर पुनरीक्षण अभियान के बाद तैयार हुई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया।बीएलओ द्वारा सूची का वाचन किया गया एवं मतदाताओं को अवलोकन भी कराया गया।सूची के सार्वजनिक प्रकाशन के दौरान मतदाताओं ने निर्धारित बूथों पर पहुंचकर अपने नामों एवं अन्य विवरण की जांच की।

नगर के वार्ड नम्बर सात स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बने बूथ संख्या 241 व 242 पर विधानसभा की नई मतदाता सूची का नियमानुसार प्रशासन हुआ।इस अवसर पर बीएलओ उषा देवी, राजेकेन और पदाभिहित अधिकारी मोहम्मद सईद सागर आदि मौजूद रहे।इसी तरह तहसील क्षेत्र के समस्त बूथों पर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारियों ने समय से उपस्थित रहकर विधानसभा की नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया।

उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा और तहसीलदार शिव कुमार शर्मा सहित नायब तहसीलदार ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर सम्बंधित कार्य का जायजा लिया।

# संविधान गौरव अभियान से बाबा साहब के विचारों और पार्टी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएगी भाजपा

वेलकम इंडिया



**लखनऊ**। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 से 25 जनवरी के दौरान ₹संविधान गौरव अभियान₹ का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की तैयारी के लिए लखनऊ महानगर कैसरबाग कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, राज्यसभा सांसद बृजलाल और सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। त्र्यंबक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के लिए जिला और मंडल स्तर पर टोली का गठन किया गया है। अभियान के तहत बाबा साहब अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए 8 से 10 जनवरी के मध्य मंडल स्तरीय और मोर्चों की जिला स्तरीय बैठकों का आयोजन करना है।

जिला स्तर पर अनुसूचित जाति और जनजाति समूह के प्रबुद्ध और विशिष्ट जनों की सूची तैयार करनी है।12 से 15 जनवरी के मध्य लखनऊ महानगर स्तर पर और उसके बाद 25 जनवरी तक अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा ₹हमारा संविधान- हमारा स्वाभिमान₹ गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें केंद्र सरकार के मंत्रीगण और वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे।

इस दौरान शिक्षण संस्थानों में निबंध और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया जाएगा। 18 से 25 जनवरी तक युवा मोर्चा द्वारा अनुसूचित जाति छात्रावासों और कॉलेज संपर्क के माध्यम से युवाओं में भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जाएगा।अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र में रैली और सभाओं का आयोजन भी होगा 25 जनवरी को अभियान समापन पर सभी बूथों पर भारतीय संविधान के प्रस्ताव और नीति निर्देशक तत्व को पढ़कर उस पर चर्चा की जाएगी।

# मुख्य विकास अधिकारी ने की समाज कल्याण विभाग, पशु चिकित्सा एवं पंचायती राज विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने जिला पंचायत राज विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पशु विभाग के कार्यों की जानकारी ली।इस पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ओ पी मिश्रा ने मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया कि जनपद की जिन गौशालाओ में साफझ्रसफाई, भूसा चारा की व्यवस्था, गोवंश को सर्दी से बचाव हेतु व्यवस्था सही नहीं है उनको दुरस्त किया जाना हैं।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गौशाला में रखे गए गौ संरक्षक एवं ग्राम सचिव को कड़े निर्देश दिए कि जनपद की संपूर्ण गौशालाओं में साफ सफाई, गोवंश हेतु भूसाझ्रचारा एवं सर्दी से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए यदि किसी भी गौशाला में गोवंश को लेकर लापरवाही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समाज कल्याण विभाग में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी से जनपद में पेंशन के लंबित प्रकरणों पर जानकारी की।

समाज कल्याण अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में वृद्धावस्था पेंशन के जो भी लंबित आवेदन रह गए हैं उनकी जांच कराई जा रही है पेंशन के जो भी आवेदन निरस्त हो गए हैं उनकी पुनः जांच कर करवाई की जा रही है जिससे आवेदन फॉर्म निरस्त की जानकारी प्राप्त हो सके।जांच के उपरांत जनपद के पात्र सभी लाभार्थियों को पेंशन उपलब्ध करा दी जाएगी।

समाज कल्याण अधिकारी ने सामूहिक विवाह की जानकारी देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आवेदन फार्म प्राप्त कर लिए गए हैं जिनकी जांच की जा रही है जांच पूर्ण होने के उपरांत सामूहिक विवाह कराने की तिथि निर्धारित कर ली जाएगी।इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए की जनपद में पंचायत भवन का निर्माण किन कारणों से रुका हुआ है इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि शासन से पंचायत भवन निर्माण हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है पंचायत भवन निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रियाधीन है टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त ग्राम सचिवों को निर्देश दिए कि ग्राम विकास हेतु शासन द्वारा जो भी धनराशि प्राप्त हुई है उसको जल्द से जल्द विकास कार्य में लगाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सभी ग्राम सचिव व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धर्म शाला व मंदिर को खुर्द बुर्द करने की योजना के तहत हो रहा अवैध निर्माण कैंट बोर्ड से की शिकायत

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** कैंट स्थित बंगला 240 में अवैध निर्माण कर्ता मंदिर की घेराबंदी कर रहे हैं गत दिनों इसकी सूचना छावनी परिषद को भी स्थानीय शिकायत कर्ता यूसुफ ने दी थी उन्होंने बताया अवैध निर्माण कर्ता द्वारा धार्मिक स्थल व मंदिर को खुर्द बुर्द करने की योजना के तहत मंदिर परिसर व धार्मिक कार्यों के लिए बनाई गई धर्मशाला को तोड़कर अवैध निर्माण कर दुकानें व फ्लैट बनाने की योजना है जिसका काम युद्ध स्तर पर जारी है वहीं उनका आरोप है इस धार्मिक स्थल को विशेष समुदाय द्वारा अवैध रूप से छीन भिन्न किया जा रहा है। वहीं आस-पास से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि यहां पर एक बड़ी धर्म शाला लगभग 40-50 साल से है जिसमें हिंदु परिवार के लोगों शादी विवाह व अन्य धार्मिक कार्य करते रहे हैं तथा यहां पर एक दुर्गा शक्ति मंदिर भी है इस मंदिर में लोग निरंतर पुजा पाठ करने आते हैं आरोप है कि अब धर्म शाला पर दुसरे समुदाय का कब्जा हो गया है। वहीं अब धीरे-धीरे इस मंदिर को भी तोड़ने की तैयारी में है।

वहीं सूत्रों ने बताया इस धर्मशाला की खरीद फरोख्त में करोड़ों का लेन-देन हुआ है इस क्षेत्र में अधिक तर बहुमंजिला इमारत देखें जा सकते हैं उक्त अवैध निर्माण कर्ता द्वारा लगभग आधा दर्जन निर्माण बताये जा रहे हैं जमीनों की खरीद फरोख्त कर अवैध निमार्णों में करोड़ों का खर्च किया जा रहा है तथा फ्लैट बचे भी जा रहे हैं और जानकारी यह भी आ रही है की अवैध फ्लैट खुब खरीदें जा रहे हैं अब सवाल यह है कि जो खरीदार इन फ्लैटों में बसे हैं वो कहां से आकर बसाये जा रहे हैं । कहीं इनके पिछे कोई मुस्लिम लीग जैसा कोई संगठन तो नहीं हालांकि यह जांच का विषय है।

# जौनसार बावर कर्मचारी संगठन का वार्षिक मिलन समारोह बैजल भवन में संपन्न हुआ



**मेरठ ।** बाउंड्री रोड़ स्थित बैजल भवन में जौनसार बावर कर्मचारी संगठन शाखा मेरठ द्वारा नव वर्ष के अवसर पर वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इसका संचालन कुंवर सिंह नेगी ने किया ।इस समारोह में जौनसार बावर चकराता जिला देहरादून क्षेत्र के जनपद मेरठ में कार्यरत सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित हुए ।इस अवसर पर उन्होंने अपने क्षेत्र की संस्कृत भाषा बोली और परिधान/पहनावा के बारे में अपने बच्चों को अवगत कराया गया। और अपनी संस्कृति व सभ्यता को बनाएं रखने हेतु जागरूक किया गया।सभी परिजन हर्ष के साथ एक दूसरे से मिले तथा नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर बच्चों के कार्यक्रम और जौनसारी नृत्य हकुल जैंटा तादा रासो प्रस्तुत किए गए । समारोह में जौनसार बाबर कार्यकारिणी के अध्यक्ष फूल सिंह चौहान सचिन जयपालसिंह तोमर कोषाध्यक्ष कुंवर सिंह नेगी सहित सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे।

# भाकियू (टिकैत) ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर जिलाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं ज्ञापन दिया

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने कलक्ट्रेट का घेराव किया इस दौरान अध्यक्षता धर्मवीर त्यागी और संचालन जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद ने किया और किसानों की समस्याओं से एडीएम संदीप कुमार को अवगत कराकर ज्ञापन दिया।

जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि एडीएम को दिए गए ज्ञापन के माध्यम से एमएसपी गारंटी कानून बनाए जाने की मांग व किसानों की आर्थिक स्थिति देखते हुए सरकार को अवगत कराते हुए गन्ना मूल्य बढ़ाया जाए और आवारा पशुओं से किसानों की फसल लगातार बर्बाद होने के साथ साथ सड़क दुर्घटनाओं से भी किसान की जान का नुकसान हो रहा है जिसके मद्देनजर आवारा पशुओं की धरपकड़ जल्द से जल्द कराई जाए और वही बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओ को बिल प्रयेक महीने न मिलने के कारण बिल अधिक होता है जिस कारण ब्याज भरने को मजबूर होना पड़ रहा है इस लिए प्रत्येक महीने विधुत उपभोक्ताओं को मिलना चाहिए ताकि किसान व मजदूर समय से ही बिजली बिल जमा कर पाए वही विधुत विभाग की टीम द्वारा बकायेदारी को लेकर कनेक्शन काटने में पक्षपात न किया जाए और किसान की खतौनियों में त्रुटि लगातार चल रही है जो ठीक होना अति आवश्यक है समेत समस्याएं ज्ञापन में सम्मलित की गई है।

इस मौके पर मौजूद महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, रोशनी सैफी, महिला जिला उपाध्यक्ष कल्पना सिंह, शोभा सिंह, सरिता सिंह, मुस्कान, युवा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी, युवा जिला महा सचिव कुलदीप राठी, मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंग उर्फ गुजराल, जिला महासचिव कैप्टन राजेश चौधरी, बहादुरगढ़ ग्राम अध्यक्ष फरमान कुरैशी, शब्बू चौधरी, मुनव्वर अली, ओमबीर सिंह, रविंदर सिंह, सुंदर गुर्जर, मण्डल उपध्यक्ष धनवीर शास्त्री, पुष्पेंद्र, अरविंद, अखिल कुमार, नवीन त्यागी, आजाद तोमर समेत मौजूद रहे।

# पति व बच्चों को छोड़कर प्रेमी के घर पहुंची महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा

वेलकम इंडिया

**कांधला।** बागपत जनपद निवासी एक महिला अपने पति व बच्चों को छोड़कर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने प्रेमी के घर पहुंच गई, प्रेमी के घर वालों ने महिला को रखने से इनकार कर दिया महिला ने डायल 112 पुलिस को सूचना देकर बुला लिया मामला थाने पहुंचा और घंटों थाने पर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पुलिस ने समझा बूझकर महिला को प्रेमी के साथ भेज दिया मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। जनपद बागपत निवासी एक महिला व थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेम प्रसंग हो गया था। प्रेमी जोड़ा काफी दिनों से एक दूसरे के संपर्क में थे महिला पांच दिन पूर्व अपने पति व बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी के घर पर आ गई थी। और पांच दिन से अपने प्रेमी के साथ रह रही थी, मंगलवार को प्रेमी की बहन ने महिला को अपने घर पर रखने से इनकार करते हुए विरोध कर दिया और निकलने का प्रयास किया। महिला ने डायल 112 पुलिस को सूचना देकर मदद के लिए बुलाया और मौके पर दर्जनों ग्रामीण भी जमा हो गए, बाद में डायल 112 पुलिस प्रेमी जोड़े को लेकर थाने पहुंच गई।प्रेमी जोड़े का मामला थाने पर घंटों चलता रहा उक्त व्यक्ति के परिजनों के द्वारा बताया गया कि प्रेमी जोड़ा दोनों शादी शुदा है दोनों की पूर्व में शादी हो चुकी है उसके बावजूद भी उक्त महिला अपने पति व बच्चों को छोड़कर दूसरी शादी करने की जिद पर अड़ी हुई है।प्रेमी जोड़े का हाई वोल्टेज ड्रामा घंटों थाने पर चलता रहा बाद में पुलिस ने समझा बूझकर उक्त महिला को प्रेमी के साथ भेज दी मामला नगर एवं क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मेरठ में चाईनीज मांझे के विरूद्ध चलाया गया चैकिंग अभियान, 03 अभियुक्त गिरफ्तार



**मेरठ।** चाईनीज मांझे के विरूद्ध चलाया गया चैकिंग अभियान, 03 अभियुक्त गिरफ्तार, 03 बोरी चाईनीज मांझा बरामद किया। मेरठ में चाईनीज मांझे के विरूद्ध चलाया गया चैकिंग अभियान, 03 अभियुक्त गिरफ्तार, 03 बोरी चाईनीज मांझा बरामद। 06 जनवरी 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक नगर मेरठ के कुशल निर्देशन में जनपद मेरठ के नगर क्षेत्र में चाइनीज मांझे के विरूद्ध सभी थाना प्रभारियों द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत की गयी कार्यवाही में चैकिंग/अभियान के दौरान कुल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें थाना लिसाडी गेट क्षेत्र से एक अभियुक्त तथा थाना लोहियानगर क्षेत्र से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से तीन बोरी चाइनीज मांझा बरामद किया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर मारपीट दंपति घायल

वेलकम इंडिया




**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर मोहल्ले की कई महिलाओं ने एक महिला व उसके पति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल दंपति ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी महिलाओं के विरुद्ध थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी महिला डोली पत्नी रवि ने मंगलवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के बाहर सरकारी नल पर कपड़े धो रही थी।

आरोप है कि तभी पड़ोस की कई महिलाओं ने सरकारी नल के आगे कपड़े धोने से मना करते हुए पानी भरने से भी मना कर दिया और पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की और उसके कानों के कुंडल एवं सोने की ओम भी निकाल ली।जब उसका पति रवि बीच बचाव करने एवं आरोपी महिलाओं से छुड़ाने के लिए आया तो आरोपी महिलाओं ने पीड़िता के पति के सिर में ईंट मार कर उसे भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित दंपति ने परिजनों संग थाने पहुंचकर पड़ोस की कई महिलाओं के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल दंपति की तहरीर पर जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने की डिप्टी सीएम से मुलाकात , वेतन वृद्धि की मांग

वेलकम इंडिया



**कांधला।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने डिप्टी सीएम से मिलकर जनपद के शिक्षक, शिक्षिकाओं को छठवें वेतन आयोग में वेतन वृद्धि विहीन मिले चयन वेतनमान की समस्या को लेकर पत्र देते हुए निराकरण कराए जाने की मांग की।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक कांधला निवासी ब्रिजेश शर्मा के नेतृत्व में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलने के लिए लखनऊ पहुंचे। जहां पर शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएम के आवास पर पहुंचकर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से भेंट की।

उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं को छठवें वेतन आयोग में वेतन वृद्धि विहीन मिले चयन वेतनमान व अन्य समस्याओं को लेकर विस्तार से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा गया।डिप्टी सीएम ने तत्काल संगठन के पत्र पर ही महानिदेशक को आदेशित किया तथा दूरभाष पर वार्ता कर जनपद के शिक्षकों की उक्त समस्या का निस्तारण करने को आदेशित किया। इसके बाद प्रतिनिधिमण्डल ने महानिदेशक से भी मिलकर डिप्टी सीएम का आवेशित पत्र देते हुए शिक्षकों की समस्याओं से विस्तार के साथ अवगत कराया। महानिदेशक ने आश्वासन दिया कि अति शीघ्र शिक्षकों की समस्या पर वित्त संबंधित अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की जायेगी, सभी शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। प्रतिनिधिमण्डल में जिला सहसंयोजक चंद्रपाल दहिया, सुदेश कुमार, पुष्पेन्द्र गोस्वामी एवं विजय मलिक उपस्थित रहे।

# बसपा नेता के साथ मारपीट कर किया गंभीर रूप से घायल



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी बसपा नेता के साथ मोहल्ले के कई लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया बसपा नेता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कार्यवाही कर आश्वासन दिया है। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी किरणपाल पुत्र खेमचंद बसपा पार्टी से नगर अध्यक्ष है।पीड़ित का आरोप है कि मोहल्ले के कई लाख लोग पीड़ित वर्ष के परिवार से रंजिश रखते हैं।मंगलवार की दोपहर को वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था आरोप है कि रंजिश के चलते मोहल्ले के एक व्यक्ति ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। जब पीड़ित के द्वारा आरोपी का विरोध किया गया तो आरोपी के कई अन्य परिवार के लोगों ने मिलकर जमकर मारपीट की और उसके मुंह पर तमंचे की बट्ट मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बसपा नेता ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# ईओ ने विशेष अभियान चलाकर दुकानों के अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया



वेलकम इण्डिया

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत इटवा चौराहे पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इटवा व निकाय कर्मियों द्वारा जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के निदेर्शों के अनुक्रम मे नो-वेंडिग जोन स्थल में विशेष अभियान चलाकर दुकानों के अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक सड़क के मार्ग/नाली/पटरी पर दुकान सम्बन्धी सामग्री/ होर्डिंग बोर्ड/बैनर/पोस्टर आदि रखकर/दुकान बढ़ाकर अतिक्रमण किये लोगों को नोटिस जारी कर कड़ी हिदायत दी गई। इस दौरान ईओ इटवा, नगर पंचायतकर्मी व स्थानीय लोगों मौजूद रहें।

# एसपी ने उत्तरायणी मेले को शांति पूर्वक निपटाने के लिए लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।**आगामी ऐतिहासिक/ पौराणिक उत्तरायणी मेले को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके द्वारा पुलिस टीम के साथ मेले को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु नगर क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।साथ ही सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।एसपी घोड़के ने नगर में मेलास्थल सहित नगर के विभिन्न स्थानों में मेलार्थियों को उचित सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने के लिए विस्तृत खांका तैयार कर मेले को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए।एसपी ने पुलिस उपाधीक्षक अंकित कण्डारी व पुलिस टीम के साथ मेला क्षेत्रान्तर्गत बागनाथ मंदिर, चौक बाजार, दुग बाजार, कार्यक्रम स्थल नुमाइसखेत आदि स्थानों पर सुरक्षा का जायजा लिया । पुलिस टीम के साथ प्वाइंट ड्यूटी /रुट व्यवस्था/स्नान घाट की व्यवस्थाओं को चैक किया तथा भीड-भाड़ व संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी व विशेष ड्यूटी लगाये जाने हेतु निर्देशित किया। मेले के दौरान वाहनो को डायवर्जन के माध्यम से भेजने व निर्धारित पार्किगं स्थानों में खड़ा करने, शहर क्षेत्र में अति आवश्यक सेवाओ के अतिरक्त सभी के नो एन्ट्री रखने को सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिसके बाद एसपी ने कोतवाली में पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी के साथ उत्तरायणी मेले के दौरान पुर्व में आने वाली समस्‍ पर चर्चा करते हुए निर्धारित पार्किगं पर वाहनों को ले जाने, मेले में आने वाले बाहरी व्यापारियों का शत प्रतिशत सत्यापन करने, अराजक तत्वो पर सतर्क दृष्टि रखने व नशे का सेवन कर वाहन चलाने व सार्वजनिक स्थानो पर हुड़दंग मचाने वालो पर कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए।इस दौरान कोतवाल कैलाश नेगी, प्रतिसार निरीक्षक पीएस नेगी, एसएसआई खष्टी बिष्ट,महिला हेल्पलाइन प्रभारी मीना रावत, सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा "संविधान गौरव अभियान" का शुभारम्भ

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा ने अभियान संयोजक सुशील गौतम, महामंत्री गोपाल अग्रवाल संग मोर्चे के अध्यक्ष, महामंत्री एवं महानगर पदाधिकारियों की उपस्थिति में संविधान गौरव अभियान की तैयारियों की बाबत योजना बैठक में विषय विस्तार किया। संजीव शर्मा ने बताया भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश, ने ₹संविधान गौरव अभियान₹ का आयोजन 11 से 25 जनवरी 2025 तक करने की घोषणा की है। यह अभियान संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और संविधान के प्रति जनता में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

अभियान की मुख्य विशेषताएं:

1. बैठकों का आयोजन:

6-7 जनवरी को जिला स्तरीय बैठक और 8-9 जनवरी को मंडल स्तरीय बैठक आयोजित होगी।

9-10 जनवरी को मोर्चों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संविधान की मूल्यों पर चर्चा होगी।

2. विशेष कार्यक्रम:

12-15 जनवरी को प्रदेश के विभिन्न जिलों में सम्मेलन आयोजित होंगे, जिनमें सरकारी योजनाओं और पार्टी के प्रयासों की जानकारी दी जाएगी।

15-25 जनवरी के दौरान सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में ₹हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान₹ विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किए जाएँगे।

18-25 जनवरी को युवा मोर्चा द्वारा संविधान जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा।

20-25 जनवरी को अनुसूचित जाति बहुल इलाकों में विशेष रैलियाँ आयोजित होंगी।

3. प्रमुख नेतृत्व:

प्रदेश अभियान टीम का नेतृत्व एमएलसी एवं गाजियाबाद के जिला प्रभारी मानवेन्द्र सिंह, कंचा करन, शंकर लाल लोधी, रामचंद्र कंजीरवा और विनोद यादव कर रहे हैं। ये सभी अभियान की सफलता सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

संविधान गौरव अभियान का उद्देश्य संविधान के आदर्शों को मजबूत बनाना और समाज के हर वर्ग को इसके प्रति जागरूक करना है। भारतीय जनता पार्टी ने इस अभियान के माध्यम से बाबा साहेब आंबेडकर के योगदान को सम्मानित करने और उनके विचारों को लोगों तक पहुँचाने का संकल्प लिया है। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष रनीता सिंह, चमन चौहान, संजय रावत, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी , रेनू चंदेला, पंकज भारद्वाज सचिन डेढ़ा ,सरदार बलप्रीत सिंह, अनिल कल्याणी कल्याणी, आई टी संयोजक प्रियंका प्रियदर्शनी, सोशल मीडिया संयोजक प्रतीक माथुर, सुभाष शर्मा , परमजीत सिंह पम्मी आदि मौजूद रहे।

## कार और पिकअप की टक्कर में वृद्ध की मौत

**भागूवाला/मंडावली।** काशीपुर-हरिद्वार फोरलेन पर भागूवाला में पिकअप वाहन की टक्कर से उत्तराखंड के धुमाकोट निवासी कुंदन सिंह (80) की मौत हो गई। हादसे में महिला सहित तीन व्यक्ति भी घायल हो गए। फोरलेन पर कार के दिशा भटकने के कारण हादसा हुआ।

काशीपुर-हरिद्वार फोरलेन पर भागूवाला के पीएनबी के निकट मंगलवार को सुबह करीब चार बजे पिकअप वाहन और कार की आमने सामने की टक्कर हो गई। पिकअप वाहन हरिद्वार दिशा से आ रहा था, जबकि कार सवार देहरादून के लिए जा रहे थे। दोनों वाहनों के एक ही दिशा के फोरलेन पर चलने से हादसा हुआ। मार्ग दुर्घटना में कार सवार उत्तराखंड के धुमाकोट के गांव कैनाथ निवासी कुंदन सिंह (80) की घटनास्थल पर मौत हो गई। उनकी पत्नी बछौली देवी सहित कार चालक देवेंद्र सिंह और सौरभ कुमार व सूरज सिंह भी घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी राम प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नजदीक के निजी अस्पताल पहुंचाया। उधर, मार्ग दुर्घटना के बाद से पिकअप वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया।

# एसडीएम के पहुंचने के बाद जमीनी विवाद के सुलझने की उम्मीद बढ़ी



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसूलाबाद में मंगलवार को रास्ते को लेकर दो पक्षो के बीच विवाद काफी बढ़ गया है ।जिसका स्थलीय निरीक्षण एसडीएम शैलेश दूबे ने राजस्व टीम के साथ किया ।उन्होंने लोगों को मौके पर शांति व्यावस्था को कायम रखने की अपील की ।राजस्व टीम के दौरे के बाद काफी दिनों से चला आरहा रास्ते का मामला के सुलझने की उम्मीद जग गयी है।

उपजिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दूबे ने बताया कि ग्राम पंचायत रसूलाबाद में कुछ समय से एक व्यक्ति की भूमि धरी जमीन से दूसरे पक्ष के लोग आ जा रहे थे ।जिनके बीच आवागमन को लेकर वाद- विवाद बढ़ गया जिससे आवागमन भी बंद हो गया है। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से रास्ता खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें जल्द ही कुछ निष्कर्ष निकलेगा। जब तक मामले में किसी तरह का निर्णय नहीं हो जाता है। तब तक दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था तथा यथा स्थिति को बनाये रखने की अपील की गई है ।इस मौके पर नायब तहसीलदार प्रियंका त्रिपाठी,राजस्व निरीक्षक चन्द्र भूषण कन्नौजिया, लेखपाल बुद्धिराम चौधरी,लेखपाल राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व प्रधान/ग्राम प्रतिनिधि अनिल यादव,अजय गोस्वामी, दुर्गेश यादव, बीडीसी सदस्य विरेन्द्र कन्नौजिया के अलावा दोनों पक्षों के लोग मौजूद रहे।

## माशिसं ने भीषण ठंढ व शीतलहर को देखते हुए माध्यमिक विद्यालय में अवकाश व समय परिवर्तन किए जाने के लिए डीएम व जिविनि से की मांग

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी, जिलाध्यक्ष महेश राम, जिला मंत्री गिरिजानन्द यादव, कोषाध्यक्ष पुनीत कुमार त्रिपाठी ने भीषण ठंढ व शीतलहर को देखते हुए माध्यमिक विद्यालय में अवकाश व समय परिवर्तन किए जाने की मांग की है। मांग में कहा गया है कि जनपद में भीषण ठंढ व शीत लहर पड़ रही है। जिसके कारण विद्यार्थियों को विद्यालय आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। मौसम विभाग ने भी ठंड को लेकर चेतावनी जारी की है।

विद्यार्थियों को ठंड से बचाव के लिए ठंड को देखते हुए अग्रिम आदेश तक माध्यमिक विद्यालयों को प्रातः 10 से 3 बजे के मध्य संचालित किया जाय, विद्यार्थियों को ठंड से बचाव को दृष्टिगत रखते हुए इंटरमीडिएट स्तर तक के विद्यालयों को 11 जनवरी 2025 तक के लिए बंद कर दिया जाय।

## प्रधानों को दी गई पंचायती राज अधिनियम की जानकारी

**वेलकम इंडिया**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** ब्लाक सभागार शोहरतगढ़.में मंगलवार को एडीओ पंचायत मोहन लाल ने ग्राम प्रधानों को पंचायती राज अधिनियम की विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया उच्च न्यायालय की आदेश पर ग्राम प्रधानों को पंचायती राज अधिनियम ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की गयीं तथा सभी ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही ग्राम प्रधान अपने इस दायित्व का निर्वहन बाखूबी कर सके और ग्राम प्रधान स्वयं आयकर रिटर्न दाखिल कर सकें। इसके साथ ही महिला ग्राम प्रधानों को उनके अधिकारों व उनके कर्तव्यों के सम्बन्ध में विशेष रूप से जानकारी दी गयीं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रधान संगठन डॉ0 पवन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम, प्रधान अजीज, प्रधान शेख आसिम उर्फ नैय्यर, प्रधान अजय चौहान, प्रधान अजय चौहान, प्रधान शिवलाल, प्रधान जावेद, प्रधान राजनेत चौरसिया, प्रधान सुबाष यादव, प्रधान घनश्याम, प्रधान गंगाधर मिश्रा, प्रधान पप्पू गुप्ता सहित तमाम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि की उपस्थिति सराहनीय रही।

## मृतक पिता के प्लाट कब्जा करने को लेकर थाने पहुंची तीन बेटी

**कांधला।** नगर के मोहल्ला सरावज्ञान निवासी विजय जैन का दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग प्लाट स्थित है। विजय जैन की वृद्धावस्था में बीमारी के चलते मौत हो गई। मंगलवार को मृतक की पुत्री दीप्ति जैन सहित तीन बेटियों ने थाने जाकर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए प्रॉपर्टी डीलरों पर प्लॉट पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की। इसके पश्चात प्रॉपर्टी डीलर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस के समक्ष प्लॉट के पैसे देकर बहनावा होने का दावा किया।

# लखनऊ ने बिहार को 17.1 ओवर में 5 विकेट खोकर किया पूरा लक्ष्य

**वेलकम इंडिया**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़.के रेलवे स्टेशन के सामने स्थित वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी में सिद्धार्थनगर क्रिकेट एशोसिएशन के द्वारा आयोजित गौतम बुद्ध आल इंडिया क्रिकेट टूनार्मेंट में मंगलवार को मुकाबला लखनऊ व गोपालगंज बिहार के बीच खेला गया। वहीं मैच के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल व विशिष्ट अतिथि शोहरतगढ़/बढ़नी ईओ अजय कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच में लखनऊ के कप्तान सौरभ यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया और गोपालगंज बिहार के कप्तान राहुल गिरी को बल्लेबाजी करने के लिए निमन्त्रण दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोपालगंज बिहार ने उत्कर्ष सिंह के 64, सुजय शर्मा के नाबाद 28 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट होकर 135 रन बनाये। लखनऊ की तरफ से अतफ ने 02, मंजुल व आदित्य ने 01-01 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम ने 17.1 ओवरों में 05 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जिसमें अंजनेय सूर्यवंशी ने शानदार 68 और सलमान खुर्शीद ने 37 रनों का योगदान दिया। वहीं गोपालगंज बिहार की तरफ से रिंकल ने 02, दिलीप और शुभम ने 01-01 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच लखनऊ के अंजनेय सूर्यवंशी को दिया गया। वहीं मैच के अम्पायर के रूप में आशीष चौधरी व रवि कौशिक और स्कोरर गंगेश्वर कुशवाहा तथा कॉमेंटेटर के रूप में धर्मेन्द्र सिंह व प्रयाग भास्कर रहें। इस प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण रेहान जादरान के द्वारा किया गया। इस दौरान सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी, महामंत्री अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत शोहरतगढ़ रवि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अम्बिका त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, विपिन त्रिपाठी, मनीष श्रीवास्तव, संजय कौशल, राजेश उपाध्याय, सुनील अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## नेशनल हाईवे पर भैसा बुग्गी दौडाने के प्रकरण में दो टीमें गठित

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** दिल्ली नेशनल हाईवे पर बिना अनुमति भैंसा दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कर पशु क्रूरता करने के प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले में गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमों को गठित किया है।

बीते गुरुवार को बागपत के थाना रमाला क्षेत्र के गांव ककड़ीपुर की ओर से बाइकों और भैसा-बुग्गी का हाईवे पर काफिला दिखाई दिया। किसान अपने-अपने भैंसों को दौड़ प्रतियोगिता में दौड़ा रहे थे। इस दौरान लोग दिल्ली नेशनल हाईवे 709 बी मार्ग पर भैंसा प्रतियोगिता के दौरान हुडदंगियों ने पूरी तरह से कब्जा कर दूर दराज जाने वाले वाहनों को रोक दिया जबकि अन्य लोग अनियंत्रित भैंसा बुग्गी से बचने के लिए सड़क के किनारे खड़े हो गए। मार्ग पर एक और जान की स्थिति बन गई। प्रतियोगिता को लेकर जनपद बागपत की पुलिस मुख्य दर्शक बनकर देखते रही। कांधला पुलिस ने घटना के संबंध में 25-30 अज्ञात लोगों के मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

## दो बच्चे मरने के बाद ट्रांसफार्मर के नीचे से 10 ट्रॉली कूड़ा निकाला गया

**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** जहां चाह वहां राह, ये बात चरितार्थ हो गई जब पार्षद और कार्यकारणी सदस्य मंसूर बदर ने बूढ़ी माई के पास बन रही बड़ी पुलिया के पास नाले का अवरोध बने ट्रांसफार्मर को बिजली अधिकारियों के साथ शिफ्ट करवाया बोले मंसूर बन रहे नए फूनाले का अवरोध बने ट्रांसफार्मर के हटने और इसके नीचे पुलिया बनने से जलभराव की समस्या जड़ से होगी खत्म! पार्षद और कार्यकारणी सदस्य मंसूर बदर के प्रयासों से बूढ़ी माई से मचायरण होकर अंसारी चौक तक बन रहे दोनों और के फूनालों का बूढ़ी माई के पास अवरोध बने ट्रांसफार्मर को आज अंबाला रोड बिजली घर के अधिकारीयो/कमचारियों ने शिफ्ट करवा दिया पार्षद मंसूर बदर काफी दिनों से इसको शिफ्ट करवाने के लिए प्रयासरत थे पार्षद मंसूर बदर ने चीफ निर्माण नगर निगम की और से बिजली घर के उच्च अधिकारियों को पत्र भिजवाया और चीफ हाइडल/अधिशासी अभियंता/ एसडीओ अंबाला रोड को पूरी वस्तुस्थिति से अवगत करवाया और उनकी साइड विजिट करवाई ।ट्रांसफार्मर शिफ्ट होने से उसके नीचे से दस ट्राली कूड़ा निकला क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

# मृतक युवक के शव को महाराष्ट्र से लेकर कांधला पहुंचे परिजन

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** महाराष्ट्र के नासिक में कपड़ों की फेरी करने गए युवक का शव फंदे पर लटका मिला था। महाराष्ट्र के नासिक पुलिस की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे, और मृतक युवक के शव को बिना पोस्टमार्टम के ही कस्बे में लेकर पहुंचे, जहां पर गमगीन माहौल में मृतक के शव को दफना दिया।

मौहल्ला खेल निवासी 30 वर्षीय शौकीन पुत्र इनाम कुछ समय पूर्व अपने साथियों के साथ महाराष्ट्र के नासिक में कपडों की फेरी के कार्य के लिए गया हुआ था। जहां पर वह एक कमरा लेकर किराएं पर रह रहे थे। सोमवार को शौकीन के साथियों ने उसे फोन किया तो उसका फोन लगातार बजता रहा लेकिन किसी ने फोन रिसीव नही किया। कमरे पर जाकर देखा कि शौकीन फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। शौकीन को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखकर उसके साथियों को रो रोकर बुरा हाल हो गया। उनके द्वारा उसके बाद शौकीन को फांसी के फंदे से उतारते हुए की वीडियों बनाकर उसके परिजनों को भेजी। परिजनों के द्वारा शौकीन के मौत के समाचार सुनते ही उनमें कोहराम मच गया। शौकीन के परिजन आनन फानन में नासिक के लिए रवाना हो गए है। वही उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वही साथियों की सूचना पाकर महाराष्ट्र पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा मामले की हर बिंदु पर जांच शुरू कर दी है। महाराष्ट्र पुलिस ने परिजनों को मामले की सूचना दी और मौके पर बुला लिया है। देर रात मृतक युवक के परिजन नासिक पहुंच गए। उन्होंने मृतक युवक के शव को बिना पोस्टमार्टम के ही अपने सुपुर्दगी में ले लिया। और कांधला लेकर पहुंच गए। गमगीन माहौल में मृतक के शव को कब्रिस्तान ले जाकर दफना दिया गया।

# खानपुर पुलिस को नहीं भा रही पशुओं की आवाज पशु मलिक को जेल भेजने की धमकी

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** ..खानपुर थाना पुलिस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए थाने में भाकियू का धरना जारी रहा। भाकियू के नेतृत्व में किसान कड़ाके की ठंड में अलाव जलाकर अनिश्चितकालीन धरने पर थाना परिसर में बैठे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिला अध्यक्ष राकेश लोधी ने कहा कि कस्बा स्थित मौहल्ला हरिजन बस्ती से एक किसान की भैंस की चोरी हो चुकी है, लेकिन थाना पुलिस सुनने को तैयार नहीं है। कहा कि थाना परिसर के पीछे एक किसान का घर है, जिसमे पशु रहते हैं। पशुओं द्वारा आवाज करने पर प्रभारी निरीक्षक किसान को थाने में बुलाकर धमकाते हैं और पशुओं को थाने में बंधवाने की बात कहते है। दलालो का थाने में बोल-बाला है, जिस कारण थाना भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया हैं। थाना पुलिस की मिलीभगत से क्षेत्र में अवैध जुआ, अवैध शराब, अवैध खनन आदि अवैध कारोबार के धंधे फल-फूल रहे हैं।



# पीस पार्टी सहयोगी दलों के साथ मिलकर जनता के हक की लड़ाई के लिये कटिबद्ध है: अयूब

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता के बीच जाना उनकी समस्यायें सुनना,उनके हक की लड़ाई के साथ ही उनके समस्याओं के समाधान के लिये हर सम्भव संघर्ष करने का कार्य उनकी पार्टी व सहयोगी दल के द्वारा की जायेगी ।उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आगामी चुनाव में बेहतर परिणाम लेकर आयेंगे ।उक्त बातें मंगलवार को नेशनल हाइवे स्थित पीसपर्टी के राष्ट्रीय एकता भवन धौरहरा में ,आप से बात और आपका साथ, कार्यक्रम के दौरान पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर मोहम्मद अयूब ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहीं। आगे कहा कि अपने सहयोगी दलों किसान पार्टी,एकलब्य पार्टी के साथ मिलकर सभी विधान सभाओं में जाकर जनकी समस्याओं के सुनने के साथ ही उन्हें देश की दशा व राजनीति के बारे में भी जागरूक करने का कार्य किया जारहा है ।आज पार्टी 15-16वर्ष पुरानी होचुकी है ।जनता के बीच जाकर उनमें उत्साह भरना,नये नौजवानों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराने के साथ ही पार्टी के संगठन से जोड़ने का कार्य किया जाराहा है ।साथ ही पार्टी की मजबूती कैसे हो इसके लिये उनकी राय भी ली जारही है ।आज सत्ताधारी पार्टियां भ्ष्टाचार्र में लिप्त होकर बेरोजगारी,गरीबी आदि मुद्दों से भटक चुकी है ।ये पार्टियां सिर्फ मंदिर मस्जिद के नाम पर लोगों को लड़ाना,धर्म की राजनीति करना इन का कार्य रह गया है ।जिसका पीस पार्टी ने सदैव विरोध किया है और करते रहेंगे ।दो दिन तक हर विधान सभा का भृमण करने के साथ ही निवास भी करेंगे ।क्षेत्र, समाज,देश की समस्याओं पर भी चर्चा के साथ समाधान की बात करेंगे ।उनकी पार्टी बड़ी तेजी के साथ राजनीतिक रूप से सफल होकर आगामी चुनाव में बेहतर परिणाम लेकर जनता के सामने आएंगे ।धर्म,जाती की राजनीति बंद हो ।समाज के पिछड़े लोगों की लड़ाई को आगे बढ़ाने, रोजगार, शिक्षा, भ्ष्टाचार आदि मुद्दों को जनता के बीच चुनाव के मुद्दे को लेकर जायेंगे।

# बिजली निगम कनीना के कर्मचारियों ने उपमंडल अधिकारी नागरिक कनीना को ज्ञापन सौंपा

**वेलकम इंडिया**

**कनीना।** मंगलवार को बिजली निगम कनीना के कर्मचारियों ने उपमंडल अधिकारी नागरिक कनीना को ज्ञापन सौंपा। मोडी गांव की टोलवा की ढाणी में 16 दिसंबर 2024 को बिजली चोरी चैंकिंग करते समय कर्मचारियों के साथ मारपीट हुई थी जिसमें कर्मचारियों को काफी चोटें आईं।

कर्मचारियों ने बताया कि 16 दिसंबर 2024 को एफआईआर दर्ज करवा चुके हैं जिस एफआईआर का नम्बर 188 है। वहीं सभी कर्मचारियों तरफ से दोषियों की गिरफ्तार को लेकर पांच दिन से लगातार धरना प्रदर्शन जारी रहा। मंगलवार को सभी कर्मचारियों ने मिलकर उपमंडल अधिकारी नागरिक कनीना को ज्ञापन देते हुए कहा कि वहीं घटना को आज 23 दिन हो चुके हैं। अभी तक एक ही दोषी को गिरफ्तार किया गया है जबकि बाकी चार दोषी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं जिनका नाम प्रथम सूचना रिपोर्ट में दर्ज है। सभी कर्मचारियों ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने आज तक कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की हैं। अतः कर्मचारियों के भारी रोष को देखते हुए आपसे निवेदन है कि बाकी चार दोषियों की तुरन्त प्रभाव से गिरफ्तारी करवाई जाए अन्यथा कोई औद्योगिक अशांति होती हैं तो उसके लिए जिला प्रशासन व कनीना पुलिस प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस मौके पर दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम कनीना के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

- कर्मचारियों ने बताया कि 16 दिसंबर 2024 को एफआईआर दर्ज करवा चुके हैं जिस एफआईआर का नम्बर 188 है।

# जीडीए के बुलडोजर ने उखाड़ फेंकी अवैध सरहदें मानसरोवर पार्क कॉलोनी में चला पीला पंजा

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है 07 जनवरी को गाजियाबाद लाल कुआं क्षेत्र में प्रभारी प्रवर्तन जोन-05 के नेतृत्व में मानसरोवर पार्क में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान कॉलोनी के अंतर्गत बनी बाउंड्रीवाल और सड़कों को भी विध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण कार्यवाही प्रभारी प्रवर्तन , सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-05 के समस्त स्टाफ और

■ अवैध निर्माण के विरुद्ध यह अभियान विधिसम्मत जारी रहेगा।

ॠऊअ पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जीडीए की तरफ से पुनः निर्माणकताओं और विकासकताओं को निर्देश किया गया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी निर्माण कार्य के लिए विधिवत मानचित्र स्वीकृति आवश्यक है। साथ ही, आम जनता को सूचित किया जाता है कि किसी विवादित संपत्ति का क्रय विक्रय न करें। अवैध निर्माण के विरुद्ध यह अभियान विधिसम्मत जारी रहेगा।




# गाजियाबाद आबकारी विभाग का आरडीसी में मारा छापा, विदेशी मदिरा, बीयर के साथ 4 गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के आरडीसी राजनगर इलाके में फूड वर्कशॉप और तासा के नाम से संचालित रेस्तरां में सोमवार की देर रात को आबकारी विभाग की टीम ने छापा मारा। चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है यहां पर बिना लाइसेंस ग्राहकों को शराब परोसी जा रही थी, रेस्तरां के अंदर से शराब की सौ से अधिक शराब की बोतलें बरामद की गई है। पकड़े गए चारों अभियुक्त में

## बीजेपी नेता का है बार

तीन उत्तराखंड के भुवनेश , ईश्वरी तथा संजय है और चौथा युवक बुलंदशहर का मोहित है। उप आबकारी आयुक्त मेरठ मंडल राकेश कुमार सिंह ने गाजियाबाद की आबकारी टीम के साथ सोमवार रात को छापा मारा। यहां पर खाना खा रहे कुछ लोगों के टेबल पर शराब के पैग बने हुए मिले। इससे स्पष्ट हो गया कि शिकायत सही है। इस रेस्तरां में दो साल पहले भी अवैध रूप से बार का संचालन कर ग्राहकों को शराब पिलाने का मामला सामने आया था। उस वक्त रेस्तरां संचालक पूर्व भाजपा नेता संयम कोहली को कविनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि आरडीसी में फूड वर्कशॉप और तासा नाम से रेस्तरां है। इस रेस्तरां में बिना बार लाइसेंस लिए हुए शराब परोसी जाती है। इसकी एवज में ग्राहकों से शराब के दाम से अधिक रुपये लिए जाते हैं।

# नगर पालिका प्रशासन द्वारा कस्बा रोड़ से अतिक्रमण हटाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा मंगलवार को पुलिस बल के साथ कस्बा रोड़ से अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही गांधी मार्केट के अंदर दुकानदारों को बाहर समान न रखने की चेतावनी दी। गांधी मार्केट के बाहर ठिये वालों को भी दी चेतावनी गई। पालिका प्रशासन द्वारा कस्बा रोड़ पर अतिक्रमण हटाया गया।अतिक्रमण होने के कारण नालियां बंद हो गई थी। नगर पालिका की टीम में मुख्य रूप से कर अधीक्षक उमेश चंद आजाद, अंकित चौधरी राजस्व निरीक्षक, दिनेश कुमार सफाई निरीक्षक ,अम्बरीष कुमार ,संदीप शर्मा कर लिपिक, रवि रतन, भारती लेखपाल व सभासद बलराज आदि शामिल रहे। पालिका प्रशासन ने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

# पति ने नवविवाहित पत्नी की चुन्नी से गला घोटकर की हत्या, पिछले माह हुई थी शादी

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** पति ने एक माह की दुल्हन का निकाल दिया जनाजा, हाथों की मेहंदी सुखी भी नहीं थी पति ने अपनी मासूम पत्नी को मौत के घाट उतार दिया पति ने अपनी नवविवाहित पत्नी की दुपट्टे से गला घोटकर बेरहमी से हत्या कर डाली। प्राप्त जानकारी के अनुसार धामपुर क्षेत्र के ग्राम जैतरा निवासी मोमीना पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद इस्लाम ने अपनी 24 वर्षी बेटी का निकाह एक महीने पहले 7 दिसंबर 2024 को पुराना धामपुर निवासी शोएब पुत्र मोहम्मद अनीस के साथ किया था मोमीना ने बताया कि शादी में अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था। लेकिन तरन्नुम के ससुराल वाले खुश नहीं थे मोमिना का आरोप है कि उनका दामाद व उसके घर वाले दहेज व 5 हजार रुपए की मांग कर रहे थे। उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था सोमवार की देर रात आरोपी शोएब ने अपनी पत्नी की दुपट्टे से गला घोट कर हत्या कर दी। मृतक तरन्नुम के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है सूचना पाकर मौत के पर पहुंची पुलिस ने मृतक नवविवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतका की मां मोमीना की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है तथा आरोपी पति शोएब व उसके पिता को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## डेढ़ सौ बच्चो का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को कस्बा के किसान इंटर कालेज उसका बाजार पर सीएचसी उसका के स्वास्थ्य टीम द्वारा 19 साल तक के बच्चों के हेल्थ चेकअप करके जरूरी चिकित्सीय सलाह दिया गया। स्वास्थ्य टीम ने बताया कि इसके अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों के निशुल्क इलाज की व्यवस्था है। स्वास्थ्य टीम के डा मुमताज अहमद ने बच्चो को साफ सफाई के बारे में जागरूक किया साथ ही गंदगी से होने वाले बीमारियों के बारे में भी बताया है। स्वास्थ्य टीम में डा मुमताज अहमद, डा सरिता,फार्मासिस्ट वेद प्रकाश , एएनएम गिरिजा सिंह रहे।

# दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा मीठे चावल और चाय के लंगर का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज जी के प्रकाश पर्व पर दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट मोदीनगर द्वारा मीठे चावल और चाय के लंगर का आयोजन छाया इंटरनेशनल स्कूल, गोविन्दपुरी, मोदीनगर पर किया गया । लंगर की शुरूआत सभी सेवादारों के साथ गुरु महाराज जी के चरणों में अरदास करके की गई।

दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अरुण त्यागी प्रिंसिपल छाया पब्लिक स्कूल गोविंदपुरी का दिल से धन्यवाद व्यक्त किया जो हमेशा दशमेश परिवार के साथ सेवा करने के लिए तैयार रहते है ।दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट के सेवादार और सभी परिवार सेवा स्थल पर पहुंचे और सेवा करके गुरु महाराज

■ लंगर की शुरूआत सभी सेवादारों के साथ गुरु महाराज जी के चरणों में अरदास करके की गई।

जी का आशीर्वाद प्राप्त किया ।सेवा में मुख्यरूप से महिलाशक्ति टीम और बच्चों ने निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा इस कार्यक्रम में दी उसके लिए संस्था द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया । सेवास्थल पर आए शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों अथवा अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा अपने भाव और शब्दों से दशमेश खालसा द्वारा की जा रही सेवाओं की सराहना भी की ।दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड मोदीनगर की तरफ से सर्वसमाज को दसवें गुरु दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज जी के प्रकाश पर्व की लख लख बधाइयां दी गई।



# ए न्यू होप फाउंडेशन की ओर से एक बार पुनः कंबल वितरित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** ए न्यू होप फाउंडेशन ने कुछ दिन पहले भी कंबल वितरित किए थे, लेकिन भीषण सर्दी को देखते हुए पुनः गोविंद पुरी मार्किट में सैंकड़ों जरूरत मंद लोगों को कंबल वितरित किए। कंबल मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा के सौजन्य से वितरित किए गए। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार के अतिरिक्त,मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा,सभासद सूबे सिंह, सतेंद्र चौधरी, तीशा गोस्वामी, रवि गोयल,जितेंद्र त्यागी, संतोष अग्रवाल,पुनीत कुमार, रेखा चौधरी,अनिल शर्मा, संदीप कुमार मोनू, नीरज चौधरी,संजय त्यागी व अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# इंडिपेंडेंट लेडिज ग्रुप द्वारा प्रथम वर्षगांठ और नववर्ष का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** इंडिपेंडेंट लेडिज ग्रुप द्वारा प्रथम वर्षगांठ और नववर्ष का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ऋतु अग्रवाल और प्रतिभा गर्ग द्वारा गणपति जी को फूलों का हार और दीप प्रज्वलित द्वारा किया गया ह्न इस ग्रुप का मुख्य उद्देश्य मोदीनगर की घरेलू महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके ।सभी महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें अध्यक्ष ( प्रतिभा गर्ग ) द्वारा सभी कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ पूनम गर्ग डॉ सत्काशी उपस्थित रहे। मंच संचालन पूजा त्यागी ने किया। कार्यक्रम में 50 महिलाओं ने अपनी भागीदारी दी। मुख्य सदस्य पूजा शर्मा, शालू कंसल, नीशू कंसल विनीता सिंघल, पारुल बंसल, एकता,आशा बंसल, प्रभा गुप्ता, निधि जैन, रितु, मीना सिंह, पूनम सिंघल, सुजाता, सारिका गोयल, रीतू कपूर,संगीता, शैली, प्रीति, संजू रुहेला, पूर्णिमा ,सुनीता , हिमानी सिंघल सभी उपस्थित रहे।

# हिंदी तिथि के अनुसार वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाये जाने की मांग

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानवेंद्र सिंह एवं महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नमाणा, संयुक्त क्षत्रिय राजपूत संघ भारत के संयोजक नरेश वत्स द्वारा प्रार्थना पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

के आवास पर राजा मानवेंद्र सिंह द्वारा दिया गया एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया गया कि जिस प्रकार हिंदी तिथि अनुसार प्रभु श्री राम की जयंती रामनवमी, श्री कृष्ण जयंती, दशहरा, दीपावली, रक्षाबंधन, होली एवं अन्य पवित्र त्यौहार हिंदी तिथि अनुसार मनाए जाते हैं। उसी प्रकार लोकनायक स्वाभिमानी वीर प्रतापी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती हिंदी तिथि अनुसार स्वाभिमान शौर्य दिवस के रूप में मनाने के लिए आपसे निवेदन करते हैं

नरेश वत्स ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विचार करने का आश्वासन दिया गया। हम हृदय से मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए अभिनंदन करते हैं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किया पंचायत का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत में किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर रोष व्यक्त किया गया। पंचायत में कहा गया कि यदि किसानों की समस्या का समाधान शीघ्र हुआ तो जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा की एक पंचायत मुरादनगर मे की गई। पंचायत में मुरादनगर के गांव रेवड़ी, नेकपुर, महमदपुर, गोना,बीइंग, गढी, नवादा, सुराणा, मुकारी, ललियाना, शराफाबाद आदि करीब एक दर्जन गांवों में नदी का पानी भरने से किसानों की करीब 5000 बीघा जंगल पानी भरने से नष्ट हो गई। क्षेत्र में इसे लेकर किसानों में बड़ा रोष है। पंचायत में निर्णय लिया गया अगर जल्द से जल्द इन किसानों को मुआवजा नहीं मिला तो डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। डीएम कार्यालय पर क्षेत्र के किसान मजदूर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के बैनर तले धरना प्रदर्शन होगा। पंचायत में योगेश सिरोही को जिला महासचिव बनाया गया। तरुण गर्ग को नगर प्रभारी मोदीनगर बनाया गया। पंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी, संचालन जिला अध्यक्ष अरुण कसाना ने किया, प्रदेश अध्यक्ष देवव्रत धाम, युवा प्रदेश अध्यक्ष विनीत त्यागी, गौरव त्यागी प्रदेश युवा महासचिव, रोहित त्यागी जिला प्रभारी गाजियाबाद, फिरोज खान, इरफान खान, रिंकू त्यागी, आशु चौधरी, गुलशन राजपूत, ऋषि नारायण आदि लोग मौजूद रहे।




## ओयो का अविवाहित जोड़ो को कमरा न देने के फैसले का असर

# गाजियाबाद के सैकड़ों होटलों पर लटक सकते हैं ताले

**ललित कुमार**

- 31 दिसंबर को गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने सील कर चुकी है 192 होटल
- गाजियाबाद के नाम पर चल रहे अवैध होटलों का भंडाफोड़
- कमिश्नरेट पुलिस ने चार घंटे के अभियान में सील किए 192 होटल
- प्रशासन से बिना अनुमति चल रहे थे सभी होटल, संचालित होती हैं अवैध गतिविधियां




**गाजियाबाद** । होटल कारोबार की प्रमुख कंपनी ओयो ने जब से अविवाजित जोड़ों को अपने होटल में कमरा ना देने का फरमान जारी किया है, तब से गाजियाबाद ही नहीं बल्कि प्रदेश भर के होटलों में सन्नाटा छाया हुआ है। गाजियाबाद के अधिकांश छोटे होटलों ने ओयो की कथित तौर पर फ्रेंचाइजी ले रखी है। इससे ही उनके होटल का कारोबार चल रहा था लेकिन ओयो द्वारा संचालित होटलों के कारोबार पर अब ब्रेक लगना तय है। यदि आने वाले कुछ समय में गाजियाबाद के अधिकांश होटल पर ताले लटक जाए तो कोई ताज्जुब नहीं होनी चाहिए।

दरअसल अधिकांश ओयो होटलों में नाबालिग लड़के लड़कियों का बिना आईडी के कमरे देना, अविवाहित जोड़ों और तमाम संदिग्ध व कथित दंपति बनकर आने वालों को घंटे के हिसाब से कमरे उपलब्ध कराने की शिकायतें निरंतर मिल रही थी। कई ओयो होटलों में कुछ सामाजिक संस्थाएं वेश्यावृत्ति को बढ़ावा देने का आरोप भी लगने लगी थी और ऐसे कई मामले उजागर होने पर पुलिस में शिकायत भी की गई थी। एक तरह से ओयो द्वारा संचालित होटल बदनाम होने लगे थे। इसके चलते वास्तविक दंपत्ति इन होटल में रुकने से डरने लगे थे। कई बार पुलिस की रेड पड़ने पर वास्तविक दंपति भी पुलिस पर फंसाने की शिकायत सामने आई थी। ऐसे में आये दिन पुलिस में ओयो होटल में नाबालिग व अविवाहित जोड़ो के बड़ी संख्या में आने के साथ ही जिस्म फरोशी का धंधा करने वाली महिलाओं के ग्राहकों के साथ आने शिकायतें भी बड़े पैमाने पर मिलने लगीं थीं।

गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने ही ऐसी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पिछले सप्ताह जनपद के सैंकड़ो होटल की चेकिंग की थी। इस चेकिंग में अधिकांश होटलों को ओयो के नाम पर अवैध तौर पर संचालित होना पाया गया और पूरे जनपद में 192 होटल को सील कर दिया था। इस अभियान के तहत 122 ओयो होटलों को चेक किया गया, इसमें 56 होटल अवैध रूप से संचालित होते पाए गए। ग्रामीण जोन में 108 होटलों को चेक किया गया जिसमे 54 अवैध रूप से संचालित पाए गए थे।

सूत्रों का कहना है कि जब इस बात का पता ओयो कंपनी के शीर्ष अधिकारियों की हुई तो उन्होंने इस मामले को गंभीरता लेते हुए एक आदेश जारी किया कि उनके कंपनी द्वारा संचालित होटल में अविवाहित जोड़ों को कमरा नहीं मिलेगा। हालांकि यह फरमान अभी मेरठ जनपद में ही लागू किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि जल्द ही प्रदेश भर के सभी जनपदों में यह आदेश लागू किया जा सकता है। ओयो कंपनी के इस फरमान के बाद जिन होटलों में गैरकानों ढंग से नाबालिग लड़के लड़कियों, अवैवाहित जोड़ों को अवैध तरीके से बिना आईडी कमरा देकर मोटी कमाई की जाती थी, इसके बाद उनका होटल कारोबार को भारी नुकसान में जाने की संभावनाएं जताई जाने लगीं हैं।

### गाजियाबाद पुलिस ने इन होटलों में चलाया था चेकिंग अभियान

गाजियाबाद में पिछले सप्ताह पुलिस ने होटलों में पैसिफिक होटल चिरंजीव विहार, रतन पैसिफिक होटल शास्त्रीनगर, सनसैट हैवन कविनगर, स्टायों राजनगर, होटल स्टे स्टार संजयनगर, विवान मैनापुर, स्काई लाइन दुसाई, घीन पैली दुहाई, तरंग होटल संजयनगर, रेडीसन इन मेरठ रोड, आरजे होटल मेरठ रोड, स्टार होटल राजनगर एक्माटेशन, होटल न्यू भट्टा नंबर पांच, होटल चैफ्टिंग इन मेरठ रोड, मील ट्री मेरठ रोड माईल्ड स्टोन मेरठ रोड, होटल देव इन मेरठ रोड, अग्रवाल लांब, होटल अतिथि, होटल मामत, होटल डायमण्ड किंग लॉज, वेलकम होटल, होटल महाराजा, होटल सन स्टार, ओपो पिंक हार्ट होटल, ओयो ड्रीम अम्पायर, ओपो ड्राईविंग, ऐवर ग्रीन, होटल सनशाइन, अन्ना, होटल गौरव इन होटल स्टे इन्न, होटल रघुवन्ना, चिराग होटल ग्रीन के एसएमआर वीआईपी रेजीडेन्सी, होटल ग्रीन, होटल लेमन ग्रान्द होटल चान्ड आयर, अमायरा पैलेस, होटल ट्रलिफ इन, होटल लय इन होटल डिवाइन, ऑलवेज वेलकम, होटल डी, होटल ड्रीम कनेक्ट, अपना लॉर अभिनन्दन, यह गेस्ट हाउस, होटल ग्रान्ड आर्थर, रघु रजेडेन्सी चेक किये थे।

पुलिस द्वारा सील होटल में ओम पैलेस, सनसाइस, होटान ओम पैलेस, होटाल एसपीएस, होटल सनशाईन, देव इन होटल, वेलकम गेस्ट हाउस होटल हिण्डन रेजीडेंसी, होटल सनलाइक प्लेस, प्लेटिनम होटल, टाउन हाल होटल, क्रॉस रेजिडेंस होटल रायलमहल, होटल सागर, ब्लू-रे, रेजीडेन्सी, एमके रेजीडेसी, चौधरी डोटात रेजीडेसी, होटल स्टारइन, होटल द-इम्पीरियल, आरके क्लासिक, सन्सहाइन, होटल किंग, होटल-टीक, लब पैलेस, लचीश गेस्ट हाउस, एक्सिस रेजीडेनी, ब्लू मंण्ड ओयो होटल, होटल एमके, होटल रोयल एमएर, होटल एमएस, ग्रीन टाउन, मून स्टार, शाफरीन, टाउन हाउस, सम्राट होटल, गाला होटल, गलेक्सी होटल, होटल कोपल, गोल्डन इन. ओयो राउन मेप्थन, सुकुन पैलेस, अमायरा इन, गोल्डन स्टूडीज, दा-रोयल डायमंड लेमन ग्राण्ड, क्रीन प्लाजा, ग्रीन ओपी स्कायं इन, बरदान रेजीडेन्ी, मैंगोटी रेजिडेन्सी, आशीर्वाद

शंकर होटल, सिटी प्राइड इन्जोइन, ओपो रिलेक्स इन, परफेक्ट स्टे, या सपायर इन, हैप्पी होटल, हैमी होटल, जोयस होटल होटल स्टे हेयर ग्राण्ड आशीर्वाद होटल, मून लाइट, टाउन हाउस, सिथ इन होटल, एसके होटल, होटल एनपी, ड्रीम ओयो, बनसल रेजीडेन्सी, होटल के रेजीडेन्सी, सुर रॉयल गैस्ट हाउसर, पारस इन, ब्लूमून, प्रीत वित्ता, सनराईज गेस्ट, वेलकम इन, रिलेक्सर इन दौम हाऊस, काला होटल, न्यू डब्लू कन्फर्ट कार्नरचेतना होटल, रॉयल इन, होटाल अवान्तायूची इन वीएम इन ब्लू ओशियन होटल बेल, रॉस रॉयल, केनाल इन, एमएल होटल, लव गेस्ट हाउस, महाराजा गेस्ट हाउस, तब गैस्ट हाउस, महाराजा गैस्ट हाउस, एची इन गेस्ट हाउस, बीएम इन, अन्ना होटल, गुडबुड होटल, डायमण्ड गेस्ट हाउस, यूएस गेस्ट हाउस, सन साइन गेस्ट हाउस शामिल हैं।

## डीएम के निर्देशन पर एडीएम एल/ए की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी कार्यालय, कलैक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर एडीएम एल/ए श्री विवेक कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान विभाग के कार्यों, राशन कार्डों में आधार सीडिंग व ई–केवाईसी, जनसंख्या आच्छादन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रवर्तन कार्यों एवं आईजीआरएस संदर्भों सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

जिला पूर्ति अधिकारी श्री अमित तिवारी ने बताया कि जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में 180 व नगरीय क्षेत्रों में 364 राशन कोटेदारों (सरकारी गल्ले की दुकान) प्रचलित हैं। जिनमें ई–वेइंग स्केल से लिंक ई–पॉस मशीन के माध्यम से 99.98 प्रतिशत व 0.02 प्रतिशत ओटीपी के माध्यम से लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही 99.99 प्रतिशत आधार सीडिंग हैं। वहीं 71.13 प्रतिशत ई–केवाईसी करवा दी गयी है, शेष आधार कार्ड अपडेट ना होने के कारण रूकी हुई है, जिसे जल्द ही पूरा करा लिया जायेगा। जिसमें से नगरीय क्षेत्र में 57.90 प्रतिशत व ग्रामीण क्षेत्र में 62.58 प्रतिशत लाभार्थी आच्छादित हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत होली के अवसर पर जनवरी से मार्च 2025 के मध्य में ई–केवाईसी पूर्ण कराते हुये समस्त उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस ?सिलेंडर का रिफिल दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रवर्तन कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसमें समय–समय पर दुकानों के निलंबन एवं निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाती है। आईजीआरएस संदर्भों से सम्बंधित कुछ शिकायतें तहसील स्तर पर सहित अन्य स्तरों पर लम्बित हैं।

एडीएम एल/ए श्री विवेक मिश्र ने निर्देशित किया कि सभी राशन कार्डों को आधार कार्ड से फीड करात हुए ई–केवाईसी पूर्ण की जाएं। खाद्यान्न वितरण को शतप्रतिशत भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएं। किसी भी परिस्थिति में कोई भी शिकायत लम्बित ना रहे।

बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओपी यादव सहित खाद्यान्न? विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने की जनसुनवाई, कहा हर शिकायत का हो निस्तारण



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह द्वारा जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाता है, जिसके चलते जिलाधिकारी महोदय को शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा जाता है और उन्हें सुना जाता है। अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से सम्बंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है। शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें।

## युवाओं में छिपी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच की आवश्यकता : देवेंद्र कुमार

**वेलकम इंडिया**





**गाजियाबाद।** नेहरू युवा केंद्र हापुड़ के तत्वाधान में तथा उपनिदेशक देवेंद्र कुमार के निर्देशन में डी ए वी पब्लिक स्कूल हापुड़ में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ दव पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल विनीत त्यागी ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिताओं में टीम खेल मे लड़कियों की कबड्डी, लड़कों की वॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में लड़कों की कुश्ती तथा 400 मी दौड़' लड़कियों के लिए बैडमिंटन तथा स्लो साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने बताया की इन खेलकूद प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं के बीच खेल के प्रति बढ़ावा देने तथा युवाओं को एक मंच उपलब्ध कराना है। प्रधानाचार्य विनीत त्यागी ने कहा कि आप स्कूल स्तर से ही अपना तैयारी करोगे तो अपने मां-बाप के साथ स्कूल और गांव का नाम भी उज्जवल करोगे। पुरस्कार वितरण में डॉ विनीत त्यागी जी, देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र हापुड़, सौरभ तोमर द्वारा किया गया। कबड्डी बालिका वर्ग में प्रथम टैगोर शिक्षा सदन की नैना सैनी, प्रज्ञा, पल्लवी, वंशु, हिमांशी, तनिष्का, हर्षिता, नविता। द्वितीय स्थान पर विज्म पब्लिक स्कूल तान्या, पलक, अनु, खुशी, गुनगुन, वैष्णवी, चाहत, अवनी त्यागी अतिका। बैडमिंटन बालिका वर्ग में प्रथम अवनी त्यागी, दूसरा स्थान रिया सिंह, तृतीय स्थान दीप्रिया चौधरी । स्लो साइकिलिंग रेस में बालिका प्रथम अवनी, दूसरा स्थान डोली, तीसरा स्थान हेनल वॉलीबॉल बालक वर्ग प्रथम सिमरोली हापुड दूसरा स्थान डी ए वी पब्लिक स्कूल हापुड़ ने प्राप्त किया।400 मीटर बालक वर्ग में प्रथम दीवेश दूसरा स्थान सार्थक तीसरा स्थान मयंक ने प्राप्त किया ।

**कुश्ती बालक वर्ग :** प्रथम अदनान दूसरा स्थान देवांश तीसरा हर्षित ऑफिसिल की भूमिका निभा रहे सचिन रावत, सचिन चौधरी, महेंद्र, विवेक चौधरी, ऋतिक रावत, योगेंद्र सिरोही, रूपाक्षी शर्मा तालिब अन्य लोग उपस्थित रहे। नेहरू युवा मंडल, खेड़ा के अध्यक्ष सौरभ तोमर ने खेल के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

## विशेष आमंत्रित भक्त स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप एवं विधायक संजीव शर्मा की मौजूदगी में श्रीसाई मित्र मंडल ने 10 वां वार्षिक महोत्सव मनाया

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** श्री साईं मित्र मंडल ने बाबा की पालकी का नगर भ्रमण करने के उपरांत संजय नगर सैक्टर 23 के रामलीला मैदान में दसवां वार्षिक महोत्सव मनाते हुए प्रसिद्धि प्राप्त भजन गायको से बाबा का गुणगान कराया। भजन संध्या में विशेष आमंत्रित भक्त के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं सदर विधायक संजीव शर्मा बाबा के दरबार में पहुंचे।

वहां उन्होंने पैरा ओलिंपिक विजेता खिलाड़ियों कंचन लखानी, प्रणव सूरमा, आशिम खेत्रपाल, नीरज यादव को सम्मान प्रतीक चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने इस अवसर पर अपना संदेश देते हुए कहा कि भक्ति और आस्था के सागर में रात्रि के दौरान कड़कड़ाती ठंड होने के बावजूद नौनिहालों के साथ भक्तों का डटे रहना सनातन की ताकत को प्रदर्शित करता है। आपके साल का शुभारम्भ जिस ऊर्जा के साथ आगाज हुआ है पूरे वर्ष सभी क्षेत्र वासियों पर इस सनातनी ऊर्जा का ओज ऐसे ही बना रहे। विधायक संजीव शर्मा ने आयोजकों को सुंदर आयोजन के सहित अन्य सभी भक्तजनों को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आस्था की भक्ति में खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मान करने की शुरूवात खेल और आस्था का बेहतरीन व प्रेरणा दायक संगम है। विशेष आमंत्रित भक्तगणों के रूप में पत्रकार वीके अग्रवाल, डॉ नीरज गर्ग, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, पूर्व महामंत्री नीरज त्यागी, उपेन्द्र शिशौदिया, पार्षद पप्पू नागर, सुरेन्द्र त्यागी, गुड्डू चौहान, दीपक वर्मा, सुंदर चौधरी आदि का भी आयोजक मंडल ने बाबा के दरबार में पहुंचने पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करने का काम किया। साईं संध्या के आयोजन में मुख्य रूप से९ साईं बाबा की 72 घंटो की समाधि की झांकी तथा भजन गायक दीपक भल्ला के द्वारा गाए गए भजनो ने सभी का मन भक्ति मय कर दिया । कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजन कर्ता के रूप में योगेश कौशिक, रघुराज शर्मा, वैभव त्यागी, निपुण शर्मा, दिनेश कटारिया, ललित पाल, परमानंद, शोभित, मृत्युंजय सिंह, शिवपाल, सुमित शर्मा, सुमित शर्मा, रोहित चौधरी, कपिल वर्मा, संजीव शर्मा, श्रीकांत त्यागी, पवन गर्ग और अभिषेक गौतम आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों की अन्तिम प्रकाशन सूची प्रकाशित



**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, कार्यालय पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गाजियाबाद श्री रणविजय सिंह की अध्यक्षता में समस्त मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अवगत कराया कि अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांकः 07/01/2025 को जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर बी.एल.ओ. के द्वारा किया गया है। उक्त अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची जन सामान्य के प्रयोगार्थ एक सप्ताह तक मतदेय स्थलों पर प्रकाशित रहेगी।